हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## 34 साल की हुई रकुलप्रीत सिंह, मना रही बर्थडे



www.naisochlive.com | पटना, सोमवार, 14 अक्टूबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 232, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीरों की मौत पर राहुल गांधी का केंद्र पर निशाना



**एजेंसी, नई दिल्ली** । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया पर एक बार फिर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह अग्निपथ योजना सेना के साथ अन्याय है और हमारे वीर जवानों की शहादत का अपमान है। प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को जवाब देना चाहिए कि क्यों एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक से अधिक मूल्यवान है? राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीर- गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित की मौत का उदाहरण दिया। उनके परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए राहुल ने कहा कि यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में भाजपा सरकार असफल रही है। उन्होंने पूछा कि क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो? अग्निवीरों के परिवारों को पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं मिलेगा? जब दोनों ही सैनिकों की जिम्मेदारियां और बलिदान समान हैं तो उनके शहादत के बाद यह भेदभाव क्यों?

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों की यात्रा पर रवाना



**एजेंसी, नई दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों-अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की राजकीय यात्रा पर रविवार को रवाना हुईं। राष्ट्रपति मुर्मू 13 से 19 अक्तूबर तक इन देशों की यात्रा पर हैं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन तीन अफ्रीकी देशों की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मु की यात्रा का पहला चरण अल्जीरिया से शुरू होगा, फिर मॉरिटानिया और मलावी में खत्म होगा। यह भारत के राष्ट्रपति की अल्जीरिया की पहली यात्रा होगी और 39 वर्षों के बाद किसी राष्ट्राध्यक्ष स्तर की यात्रा होगी। उनकी यात्रा का अगला चरण मॉरिटानिया होगा। 1960 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से भारत से इतने उच्च स्तर के किसी व्यक्ति के इस अफ्रीकी राष्ट्र का दौरा करने का यह पहला अवसर है। इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू, मलावी के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 17 अक्टूबर को मलावी पहुंचेंगी। 19 अक्टूबर को वे मलावी से भारत के लिए रवाना होंगी।

## पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में दो आरोपित गिरफ्तार



**एजेंसी, मुंबई** । पूर्व मंत्री और राकांपा (एपी) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में शामिल तीसरे आरोपित की पहचान भी कर ली गई है। उसे पकड़ने के लिए मुंबई पुलिस की चार टीमों को रवाना किया गया है। आरोपितों में एक का संबंध विश्नोई गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। इसे देखते हुए फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बाबा सिद्दीकी के पार्थिव शरीर का पोस्टमार्टम कूपर अस्पताल में किया जा रहा है। आज ही शाम बाबा सिद्दीकी को मरीन लाईंस कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा। पुलिस के अनुसार शनिवार रात हमलावरों ने बांद्रा के खेरवाड़ी इलाके बाबा सिद्दीकी पर छह राउंड फायर किया था। इनमें से तीन गोलियां बाबा सिद्दीकी को लगी, जबकि एक गोली उनके सहयोगी को लगी। इसके बाद तत्काल घायल बाबा सिद्दीकी को लीलावती अस्पताल में पहुंचाया गया, लेकिन उससे पहले ही उनकी मौत हो गई थी। घटना में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों की पहचान करनैल सिंह और धर्मराज कश्यप के रूप में की गई है। इस घटना में तीसरा आरोपित दूर से मॉनिटर कर रहा था, जो फरार है। उसकी पहचान शिवा के रूप में की गई है।

# बाबा सिद्दीकी हत्या मामला : महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

### पवार और उद्धव बोले- सरकार को बदलना चाहिए

एजेंसी, मुंबई



मुंबई में एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या पर अब राजनीति गर्माने लगी है। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने हत्या मामले में जहां महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं तो वहीं नेताद्वय ने इस घटना को लेकर शिंदे सरकार को बदलने की बात तक कह डाली है। मुंबई में एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने इस हत्या मामले को लेकर सीधे शिंदे सरकार पर हमला बोला है और महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। एनसपी नेता पवार ने कहा है, कि महाराष्ट्र को सबसे अच्छे प्रशासन वाले राज्य के रूप में देश में जाना जाता था, लेकिन वर्तमान सरकार अच्छा प्रबंधन नहीं कर पा रही है। पिछली तीन कैबिनेट में जो फैसले लिए गए, अगर उन्हें ही देख लें तो आखिर कितने फैसलों पर अमल किया जा सका है? इसी से महाराष्ट्र के प्रशासन की स्थिति आज आपको समझ में आ जाएगी। वहीं उद्धव ठाकरे ने शिंदे सरकार पर निशाना साधा और कहा, कि कल ही मैंने रैली में कहा था कि इस विधानसभा चुनाव में मौजूदा भ्रष्ट सरकार को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि मुंबई में दो पुलिस कमिश्नर हैं तो कम से कम मुंबई को सुरक्षित भी रखें। उन्होंने सवाल किया कि पुलिस का क्या काम है? उन्होंने कहा कि इस मामले में गृहमंत्री को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। इस मामले को लेकर देवेंद्र फड़णवीस ने बयान दिया है और कहा है कि यदि गाड़ी के नीचे कुत्ता आ जाए तो आप मुझसे इस्तीफा मांगने लगेंगे, ऐसे लोग सत्ता पर कैसे हो सकते हैं? उन्होंने कहा कि विज्ञापन पर खर्च होने वाला धन लोगों की भलाई के लिए खर्च किया जाना चाहिए। अब चूंकि महाराष्ट्र में अनकरीब विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, अतः शिंदे सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना भी लाजमी है।

## बाढ़ से प्रभावित अन्नदाताओं के लिए मसीहा बनी योगी सरकार

### योगी सरकार ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे में अन्नदाताओं को अब तक दिये करीब 164 करोड़

एजेंसी, लखनऊ



योगी सरकार अन्नदाता किसानों की आय में वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है तो वहीं, उन्हें होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए भी तत्पर रहती है। इसी क्रम में योगी सरकार ने प्रदेश में बाढ़ की वजह से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए इस मानसून में अब तक 163.151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया है। योगी सरकार ने प्रदेश के बाढ़ से प्रभावित रहे 34 जिलों के 3,12,866 किसानों को मुआवजा जारी किया है। सर्वाधिक मुआवजा लखीमपुर खीरी के किसानों को दिया गया है। यहां के 1.10 लाख से अधिक किसानों को 70 करोड़ से अधिक रुपये का मुआवजा दिया गया है। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के बाढ़ ग्रस्त इलाकों में क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कराया गया ताकि अन्नदाताओं को समय से मुआवजा का भुगतान किया जा सके। उन्होंने बताया कि नेपाल और पहाड़ी क्षेत्रों से छोड़े गये पानी से प्रदेश के 34 जिलों की 110989.26 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई थी। बता दें कि बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और बाढ़ से क्षतिग्रस्त 33 प्रतिशत से अधिक फसल के नुकसान पर सरकार की ओर से मुआवजा दिया जाता है। राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ से 3,71,370 किसानों की फसल प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष अब तक 3,12,866 किसानों को 163.151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी के 1,10,990 किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष अब तक 1,10,105 किसानों को 70.88 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। इसी तरह ललितपुर के 81,839 किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई।

## हरियाणा में भाजपा विधायक दल की बैठक 16 को

एजेंसी, चंडीगढ़

हरियाणा में नई सरकार के गठन की तैयारी हो चुकी है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी और मंत्रियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम तय होने के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने 16 अक्टूबर को चंडीगढ़ में विधायक दल की बैठक आहूत की है। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुना जाएगा। भाजपा 17 अक्टूबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की सफलता को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारी में जुटी है। रविवार को दिनभर पंचकूला में पार्टी के आला नेताओं की बैठक चलती रही। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाले नेताओं को आमंत्रण भेजे जा रहे हैं। दूसरे राज्यों के जिन मुख्यमंत्रियों की स्वीकृति आ चुकी है उनके अनुसार यहां पर प्रबंध किए जा रहे हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार अभी तक असम, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान के मुख्यमंत्रियों की स्वीकृति आ चुकी है। केंद्रीय मंत्रियों का कार्यक्रम मंगलवार तक पहुंचेगा। समारोह स्थल पर प्रोटोकॉल के अनुसार बैठने की व्यवस्था की जाएगी। इसे लेकर आज दिनभर पुलिस के आला अधिकारियों ने जहां समारोह स्थल का दौरा किया वहीं भाजपा नेताओं के साथ भी बैठकें कीं। इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने 16 अक्टूबर को चंडीगढ़ में भाजपा विधायक दल की बैठक आहूत की है। बैठक में सभी 48 विधायकों को शामिल होने के लिए कहा गया है। भाजपा मुख्यालय द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि सभी विधायक दो दिन के लिए चंडीगढ़ में प्रवास करेंगे। इसकी व्यवस्था वह करके आएं।

## गाजियाबाद के डासना मंदिर की महापंचायत में जाने का प्रयास कर रहे लोगों को पुलिस ने खदेड़ा

एजेंसी, गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के डासना देवी मंदिर पर समुदाय विशेष के लोगों द्वारा किए गए पथराव के विरोध में हिंदू संगठनों की महापंचायत की अनुमति न मिलने के बावजूद मंदिर में प्रवेश करने वाले लोगों को पुलिस ने लाठियां फटकार कर खदेड़ा। डासना देवी मंदिर परिसर में महापंचायत में रविवार सुबह से ही लोग पहुंचने शुरू हो गए थे। पुलिस ने उनको मंदिर जाने से पहले ही रोक दिया। बड़ी संख्या में लोग वापस चले गए। हालांकि कुछ लोगों ने महापंचायत में आने की जिद की तो पुलिस ने उनको हिरासत में ले लिया। अनेक लोगों को पुलिस ने लाठियां फटकारकर खदेड़ दिया। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों के अलावा बड़ी संख्या में उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली से भी संत पंचायत में पहुंचे थे। एक दिन पहले ही 50 से ज्यादा संतों का जत्था मंदिर में पहुंच गया था। जैसे ही संतों को पता चला कि महापंचायत में लोगों को आने से पुलिस रोक रही है तो संतों ने एलान किया कि पुलिस जहां रोके वहीं पर पंचायत शुरू कर दी जाए। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसी को कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा। दूसरों ओर महापंचायत में जाने के लिए जब सैकड़ों लोग एकत्र हो गए तो उन्होंने बैरिकेड को ही पलट दिया। पुलिस और लोग आमने-सामने आ गए। हाथापाई की नौबत आ गयी। पुलिस ने लाठियां फटकारी और किसी तरह लोगों को काबू किया। इस दौरान भगदड़ जैसा माहौल पैदा हो गया। बड़ी तादाद में लोग इसके बाद लौट गए। महापंचायत में आने वाले लोगों ने अपने वाहन सड़क किनारे बेतरतीब खड़े कर दिए, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर जाम लग गया।

## असम व भूटान के कई हिस्से में 4.6 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, गुवाहाटी**। रविवार सुबह 7:47 बजे असम और पड़ोसी देश भूटान के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी 4.6 तीव्रता मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र असम के उदालगुरी के पास जमीन के 15 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप के निर्देशांक 26.73° उत्तरी अक्षांश और 92.31° पूर्वी देशांतर थे। भूकंप के झटके ढेकियाजुली, तवांग, बरपेटा, ग्वालपाड़ा, उत्तर लखीमपुर, इटानगर, जोरहाट, तेजपुर, गोलाघाट, गुवाहाटी, नगांव और डिमापुर सहित कई क्षेत्रों में महसूस किए गए। इसमें किसी के हताहत होने या बड़ी क्षति की सूचना नहीं है।

## नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है सरकार : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी, गोरखपुर



शारदीय नवरात्र और विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में लगातार तीन दिन अनुष्ठानिक कार्यक्रमों में अति व्यस्तता के बाद आराम करने की बजाय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दी। गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाएं। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर नागरिक के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लगभग 300 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## पीएम गति शक्ति से देश अब विकसित भारत के सपने को पूरा करने आगे बढ़ रहा

एजेंसी, नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च की गई पीएम गति शक्ति पहल के आज रविवार को तीन साल पूरे हो गए। इस अवसर पर पीएम मोदी ने इसके भारत के बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव को लेकर महत्वपूर्ण बातें कही। उन्होंने पीएम गति शक्ति के जरिए से भारत के बुनियादी ढांचे को स्मार्ट और एकीकृत बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- गति शक्ति की बदौलत देश अब विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ाया है, जिससे सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ। इस पहल के तहत कई क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स को सुधारने, देरी को कम करने और नए अवसरों को पैदा करने के लिए मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है। इससे कई परियोजनाओं की कार्यान्वयन गति में सुधार हुआ है और भारत के विकास की दिशा को तेज किया गया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी ट्वीट कर लिखा- आज पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को तीन साल पूरे हो गए हैं। इस पहल ने लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित किया और कनेक्टिविटी को बढ़ाया है, जिससे परियोजनाओं की गति में तेजी आई और यह एक आधुनिक, परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है।



**महाकुम्भ मेला** — श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की सुविधा के लिए योगी सरकार की पहल

## महाकुम्भ मेला क्षेत्र में होगी 'नेत्र कुम्भ' की स्थापना

एजेंसी, प्रयागराज




योगी सरकार संगमनगरी में होने जा रहे ऐतिहासिक महाकुम्भ 2025 को भव्य, दिव्य, सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए दिन रात काम कर रही है। जिसके अंतर्गत श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इसी क्रम में मेला प्रशासन द्वारा मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों के लिए नेत्र कुम्भ की स्थापना भी की जा रही है। 9 करोड़ से अधिक धनराशि से स्थापित होने वाला यह नेत्र कुम्भ (नेत्र शिविर) श्रद्धालुओं को एक अस्थाई नेत्र देखभाल सुविधा प्रदान करेगा। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। नेत्र कुम्भ के लिए एक बड़ी केंद्रीय इकाई मुख्य मेला क्षेत्र में स्थापित की जाएगी जो प्राथमिक नेत्र देखभाल केंद्र के रूप में कार्य करेगी। महाकुम्भ में रिकॉर्ड संख्या में पूरे देश और दुनिया से श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है। योगी सरकार और मेला प्रशासन इन श्रद्धालुओं के लिए महाकुम्भ को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए अपनी ओर से शत प्रतिशत प्रयास कर रहा है। नेत्र कुम्भ की स्थापना में 9.15 करोड़ रुपये से अधिक का बजट प्रस्तावित किया गया है। इसके माध्यम से महाकुम्भ के दौरान स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की नेत्र देखभाल सुरक्षित की जा सकेगी। यदि किसी श्रद्धालु को मोतियाबिंद सर्जरी की आवश्यकता होगी तो उसका भी प्रबंध किया जाएगा। वहीं नेत्र चेकअप के साथ ही चश्मे का वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। जिससे हजारों श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिल सकेगा। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि यह नेत्र कुम्भ पूरी तरह श्रद्धालुओं की पहुंच में होंगे। तीर्थयात्रियों की आसान पहुंच के लिए इसे रणनीतिक रूप से कुम्भ मेला परिसर के अंदर ही स्थापित किया जाएगा। इसमें तीर्थयात्रियों और संतों की व्यापक स्तर पर आंखों की जांच सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राजद का दोहरा चरित्र उजागर : प्रभाकर मिश्र

» कांग्रेस की गोद में बैठकर राजद ने मनायी लोहिया की पुण्यतिथि

» राजद और सपा ने पुण्यतिथि मनाकर स्व. लोहिया जी की आत्मा को पहुंचायी ठेस

**पटना**। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राजद पर प्रहार करते हुए कहा कि जब पूरा देश असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा मना रहा, तब दशहरे के पावन मौके पर भी राजद धोखेबाजी और दगाबाजी जैसा कुकृत्य करने में लगा रहा। राजद ने सिर्फ दिखावे के लिए समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनायी, इससे स्व. लोहिया जी की आत्मा को काफी दुख पहुंचा होगा। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राजद का हमेशा दोहरा चरित्र रहा है। वह सिर्फ दिखावा करके आम लोगों को भ्रमित करने का प्रयास करता है। यह कौन नहीं जानता कि लोहिया जी जीवनभर कांग्रेस का विरोध करते रहे। वे देश में कांग्रेसविरोधी राजनीति के प्रणेता थे। उन्होंने कांग्रेस की नीतियों के विरोध में सोशलिस्ट कांग्रेस की स्थापना की थी। लेकिन, आज उनके नाम का लोग बेजा इस्तेमाल कर रहे हैं। जिस कांग्रेस का लोहिया जी ने हमेशा विरोध किया, आज राजद और सपा के नेता उसी कांग्रेस की गोद में बैठकर लोहिया की पुण्यतिथि मनाने का दिखावा कर रहे हैं। राजद और सपा के नेताओं को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए। श्री मिश्र ने कहा कि स्व. लोहिया जी ने नेहरू के खिलाफ चुनाव भी लड़ा था, पर वे हार गये थे। लेकिन, कांग्रेस का विरोध करते रहे और कभी हार नहीं मानी। 1967 में उत्तर प्रदेश में पहली गैर कांग्रेसी सरकार बनने में उनकी प्रमुख भूमिका थी। आज राजद और सपा तिकड़मबाजी को ही समाजवाद समझ रखें हैं।

### चिराग पासवान ने फ्रांसीसी कृषि मंत्री ऐनी जेनेवर्ड से मुलाक़ात की



**पटना**। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान का चार दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन फ्रांस के डिजौ में आईबी इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ विने एंड वाइन की 45वीं विश्व कांग्रेस से पहले मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की शुरुआत में फ्रांसीसी कृषि मंत्री ऐनी जेनेवर्ड द्वारा स्वागत किया गया।

### पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की गोलीबारी से हुई मौत पर लालू, राबड़ी व तेजस्वी मर्माहत

**पटना**। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की गोलीबारी से हुई मौत पर राजद परिवार ने गहरे रंजो- गम का इजहार किया है। पार्टी के नेताओं ने कहा कि उनके निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों को काफी नुकसान हुआ है ,जिसकी भरपाई काफी मुश्किल है। अल्लाह इन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता करे। और अहले -खाना को सब्र जमील अता करे। उनके निधन का समाचार सुनकर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, डॉ कांति सिंह,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, राज्यसभा सांसद संजय यादव,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवचंद्र राम, प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू,प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित अन्य नेताओं ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की गोलीबारी में हुई मौत का समाचार बेहद दुखद और चिंता जनक है।नेताओं ने कहा कि परवरदिगार मरहूम को जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता करे और परिजनों को सब्र और हिम्मत दे। साथ ही यह भी कहा कि महाराष्ट्र में एनडीए शासन में लगातार इस तरह की मौतें हो रही है लेकिन सरकार के स्तर से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है,ऐसी आपराधिक घटनाओं को क्या नाम देंगे?

### जदयू कार्यालय में मनी डॉ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि

**पटना**। शनिवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में डॉ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, विधानपार्षद सह पार्टी के कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी विधानपार्षद सह पार्टी के वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष रवींद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश महासचिव डॉ धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी सहित पार्टी के कई नेताओं एवं कार्यकतार्ओं ने उनके तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर डॉ लोहिया को श्रद्धापूर्वक नमन किया।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि सामाजिक न्याय को स्थापित करने की दिशा में डॉ राम मनोहर लोहिया के द्वारा किए गए सकारात्मक प्रयास भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।जदयू मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में डॉ लोहिया के विचारों को अपनाकर समाजवाद की धारा को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

### राज्यपाल व सीएम ने स्व डॉ मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन किया

**पटना**। माननीय राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने महान समाजवादी नेता स्व डॉ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में लोहिया उद्यान, लोहिया नगर, पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि डॉ लोहिया का गोवा मुक्ति संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने गोवावासियों को पुर्तगाली औपनिवेशिक सत्ता के विरूद्ध लड़ने और स्वतंत्रता प्राप्त करने की प्रेरणा दी तथा उनका मार्गदर्शन किया। समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी स्व डॉ राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन एवं डॉ राम मनोहर लोहिया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

# और देखते ही देखते जल गया 80 फीट का रावण

नई सोच एक्सप्रेस




» 75 फीट का मेघनाद और 70 फीट का बना था कुंभकरण

» हवा में हुई हनुमान जी की एंट्री और लगने लगे जय बजरंग बली के जयकारे

**पटना**। गांधी मैदान में 80 फीट का रावण, 75 फीट का मेघनाद और 70 फीट के कुंभकरण को जलते देखने के लिए शनिवार को लोग अपने परिवार के संग पहुंचे। रावण वध को नजदीक से देखने के लिए लोग दोपहर से ही गांधी मैदान पहुंचने लगे थे। शाम चार बजते- बजते पूरा गांधी मैदान लोगों से खचाखच भर गया। लेकिन लोगों के आने का सिलसिला जारी रहा। जिधर नजर घुमाईए लोगों की भीड़ ही नजर आ रही थी। हर कोई रावण, मेघनाद और कुंभकरण की ओर एक टक नजर लगाए बैठे थे कि कब लंका दहण का कार्यक्रम शुरू होगा।

**क्रेन से हुई हनुमान जी की एंट्री** : गांधी मैदान में हनुमान जी की क्रेन से एंट्री होते ही जय श्रीराम के जयकारे लगने लगे। हनुमान जी की शानदार एंट्री देख लोग खूब जोर-जोर से जय बजरंग बली के जयकारे भी लगाने लगे। हनुमान जी गांधी मैदान में गदा लहराते हुए लंकेश के सोने की लंका में पहुंचे और फिर अपनी पूंछ से लंका में आग लगा दी। सोने की लंका देखते ही देखते राख हो गई।

**राम-लक्ष्मण की झांकी ने लोगों का मोहा मन** : हनुमान ने लंका में आग लगाकर जब अपना काम कर दिया तो फिर भगवान राम और लक्ष्मण की झांकी निकली। राम-लक्ष्मण की झांकी देख लोग हाथ जोड़कर प्रणाम करने लगे। ऐसा लग रहा था जैसे मानो भगवान श्री राम साक्षात गांधी मैदान में आ गए हो। ये मनोरम दृश्य देख लोग भावुक हो उठे। प्रभु श्री राम लोगों को आशीर्वाद देते हुए बढ़ते रहे।

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उतारी आरती** : रावण वध शुरू होने से पहले राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भगवान श्री राम की आरती उतारी और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। फिर रामलीला शुरू हुई और रावण दहन कार्यक्रम शुरू हुआ।

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दीप जलाकर किया रावण वध कार्यक्रम की शुरुआत** : राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी के मौके पर श्री रामलीला महोत्सव एवं रावणवध समारोह-2024 का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। श्री श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस रावण दहन कार्यक्रम में सबसे पहले आयोजकों द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्वागत स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और धार्मिक पुस्तक भेंट कर किया गया। मुख्यमंत्री ने गुब्बारा उड़ाकर राज्य में शांति एवं सौहार्द्र कायम रखने का संदेश दिया।

**धू-धू कर जला लंकेश** : मंच से राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने हाथों में तीर-धनुष लेकर रावण की ओर प्रतीकात्मक वार किया फिर रावण दहन का कार्यक्रम गांधी मैदान में आगे बढ़ा। भगवान श्री राम ने तीर चलाकर पहले कुंभकरण का वध किया फिर मेघनाद और अंत में रावण धू-धू कर जल गया। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण कुमार ने दशहरा कमिटी ट्रस्ट को मेरिन ड्राइव के आस पास कही पर जमीन उपलब्ध करवाने का सरकार से अनुरोध किया।

**ये भी रहे उपस्थित** : कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी, सांसद रविशंकर प्रसाद, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह, विधायक संजीव चौरसिया, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डा. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, आयुक्त पटना प्रमण्डल मयंक वरवड़े, पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा विनय कुमार, पुलिस महानिरीक्षक पटना गरिमा मलिक, जिलाधिकारी पटना चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविन्द कुमार, अमर अग्रवाल तथा श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण कुमार, चेयरमैन कमल नोपानी, संयोजक श्री मुकेश कुमार नन्दन, सह संयोजक राकेश कुमार, महासचिव राकेश मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रिंस कुमार राजू,आशु गुप्ता, सुजय सौरव, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, सुषमा साहू, धर्म राज केसरी, शम्भु बाबा, सोनू अग्रवाल, राजेश बजाज, संजय वर्णवाल, आर्य नन्दन, संजय राय, हर्ष नन्दन, प्रेम कुमार , सहित सैकड़ों की संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे।

## मोदी जी के अंदर विजन, एक्सपीरिएंस और कमिटमेंट का अद्भुत मेल है : अमित शाह

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता अमित शाह ने बतौर मुख्य अतिथि पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 119वें वार्षिक अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत को हर क्षेत्र में विश्व में सर्वप्रथम बनाने की नींव मोदी जी ने बीते 10 वर्षों में डालने का काम किया है। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के ट्रैक रिकॉर्ड को देखा जाए तो नए भारत के निर्माण में जुटे शाह का दावा शत-प्रतिशत सच प्रतीत होने लगता है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, दुनिया भर में भारत को मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने का काम, इन्वेस्टर फ्रेंडली इकोसिस्टम का निर्माण, स्किल वर्क फोर्स का निर्माण, रिसर्च एंड डेवलपमेंट को प्रोत्साहित करने का काम, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में भारत को पायनियर बनाने का काम, डीप-सी, मैरीटाइम इकोनॉमी और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में नई शुरुआत करने का काम मोदी जी ने बहुत दूरदर्शिता के साथ किया है। दुनिया का सबसे लंबा हाइवे टनल आज भारत में है। विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे ब्रिज भारत में है। कोलकाता का अंडर वाटर मेट्रो जैसा इंफ्रास्ट्रक्चर पिछले 10 सालों में निर्मित हुआ है। वह दिन दूर नहीं है जब साल 2047 में देश की आजादी की शताब्दी मनाई जाएगी तब भारत पूर्ण विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया के सामने खड़ा होगा और साल 2027 तक दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था की तालिका में शामिल होगा। देश ही नहीं बल्कि दुनिया ने देखा है कि इन दोनों लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मोदी जी कई योजनाओं के साथ 10 साल से प्रयास कर रहे हैं। भारतीय राजनीति को एक नई पहचान दिलाने वाले शाह और देश की 130 करोड़ जनता का मानना है कि मोदी जी के अंदर विजन, एक्सपीरिएन्स और कमिटमेंट का अद्भुत मेल है, यही कारण है कि मोदी जी पहले मुख्यमंत्री और फिर लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन कर 23 वर्षों से लोकतांत्रिक तरीके से जनता का विश्वास जीतते आ रहे हैं।

## प्राईवेट नौकरी करने वाले पर सरकार विचार करें : सिकंद

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। भारतीय लोकमंच पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव कुणाल सिकंद ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से एक्स के माध्यम से और पत्र लिखते हुए कहा की बिहार सरकार के तरफ से जरूरी सेवा छोड़ कर राज्यकर्मियों को तीन दिनों का छुट्टी दिया गया है लेकिन इसी बिहार राज्य में जो गैर सरकारी नौकरी कर रहें है उन लोगो को कोई छुट्टी नही मिला है। गैर सरकारी नौकरी करने वाले कर्मियों पर सरकार विचार करते हुए नवरात्री, दीपावली, छठ में तीन दिनों की छुटियाँ लोकमंच ने निर्धारित करवाने का आग्रह किया है। श्री सिकंद ने कहाँ की प्राइवेट जॉब करने वाले लोगो को हमेशा से उनका कार्यालय शोषण करता आया है। जब बड़े त्योहारो में नवरात्री में सरकार ने तीन दिनों की छुट्टियां घोषित किया तो प्राइवेट कार्यालय वाले को भी कम से कम तीन दिनों का छुट्टियां देना चाहिए था लेकिन गैर सरकारी नौकरी वाले पर समय आ गया है की सरकार विचार करते हुए जल्द बड़े पर्वो के लिए आदेश जारी करे ताकि गैर सरकारी कर्मियों को भी त्योहार मनाने को अवसर परिवार के साथ मिल सके।

## लोकनायक जयप्रकाश नारायण के अधूरे सपने को पूरा करेगी जनता पार्टी : जयप्रकाश बंधु

नई सोच एक्सप्रेस

» संजय कुमार बने जनता पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष, साथ ही धीरज व प्रमोद उपाध्यक्ष एवं हर्ष महासचिव मनोनीत




**पटना**। लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा संपूर्ण क्रांति के बाद स्थापित जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश बंधु ने कहा कि वे जातिवाद एवं परिवारवाद से समाजवाद को अलग कर जेपी के सपनों को पूरा करेंगे। जयप्रकाश बंधु लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर राजधानी पटना के अवर अभियंता भवन में जनता पार्टी बिहार प्रदेश की ओर से आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण के सिद्धांत पर बनी पार्टियां जातिवाद एवं परिवारवाद के चंगुल में फंसकर जेपी के मूल सिद्धांत समाज के सबसे अंतिम पायदान पर रह रहे लोगों के बीच सत्ता का हस्तांतरण जैसे मुद्दे को भूल चुकी है और केवल सत्ता सुख के लिए गठबंधन कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता पार्टी बिहार के सभी 8406 पंचायत में बूथ स्तर पर कमेटी बनाकर 2025 के विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी लोकनायक जयप्रकाश नारायण के सिद्धांतों पर बनी थी और आज भी युवा, छात्र, किसान ,महिला और समाज के अंतिम पायदान पर रह रहे लोगों के लिए काम करती रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का प्रयास होगा की अमीरी की अंतिम सीमा तय हो और आर्थिक समानता का सिद्धांत देश भर में लागू हो। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव सह बिहार प्रभारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार में पार्टी को गति देने के लिए संजय कुमार को अध्यक्ष, धीरज कुमार एवं प्रमोद कुमार को उपाध्यक्ष , हर्ष कुमार तांती को महासचिव तथा शालिनि कुमारी को महिला मोर्चा का अध्यक्ष सह प्रवक्ता बनाया गया है। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुज जी शर्मा ने बताया कि जनता पार्टी बिहार के युवाओं छात्रों और किसानों को एकजुट कर बिहार में सबके हित साधने वाली सरकार गठन का प्रयास करेगी। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश के नवमनोनीत अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि बिहार में पार्टियां परिवारवाद और जातिवाद के चंगुल में फंस गई है। उनकी पार्टी बिहार में महिला छात्र युवा किसान एवं मजदूरों के हक में आंदोलन कर उनका वाजिब हक दिलाएगी। उन्होंने कहा की बिहार में संगठन का विस्तार जल्द किया जाएगा और प्रदेश और जिला से लेकर प्रखंड तक की कमेटी डेढ़ महीने के अंदर बनकर तैयार हो जाएगी। इस मौके पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज कुमार एवं प्रमोद कुमार ने राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि बिहार में युवाओं को एकजुट करने के लिए उनका पूरा प्रयास होगा। पार्टी के प्रदेश महासचिव हर्ष कुमार तांती ने कहा कि पार्टी संगठन में ज्यादा से ज्यादा युवा किसान व महिलाओं की भागीदारी हो इसके लिए उनकी पार्टी प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम कर संगठन का विस्तार देगी। कार्यक्रम के पश्चात पार्टी के सभी नेता व कार्य करता राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश बंधु के नेतृत्व में एकत्रित होकर जुलूस के शक्ल में अवर अभियंता भवन से निकलकर आयकर गोलंबर स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा तक गए और उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर पार्टी के नेता शैलेश सिंहा, मनोज निषाद, सनोज कुमार,मुन्ना केसरी, शालिनी कुमारी,ददन कुमार सहित बड़ी संख्या मे दल के कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## राजू तिवारी के नेतृत्व में 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गया जिला अंतर्गत अतरी पहुँचा



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक राजू तिवारी के नेतृत्व में पार्टी का एक 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गया जिला अंतर्गत अतरी प्रखंड के बथानी गांव पहुंचे जहां बीते दिनों असामाजिक तत्वों द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्म भूषण स्व रामविलास पासवान की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त की गई थी जिसके उपरांत पार्टी का प्रतिनिधिमंडल बथानी प्रतिमा स्थल पर पहुंचे और वहां स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय प्रशासन से इस घटना के संदर्भ में बातचीत किये । पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी ने प्रशासन से इस घटना में सन्लिप्त सभी दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी और उन्हें कठोर से कठोर दंड देने की मांग की। तिवारी ने कहा कि इस घटना को लेकर पार्टी का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलेगा और उन्हें इस घटना का संज्ञान दिलाएगा । पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने प्रेस को बताया कि उक्त प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमित किशोर सिंहा प्रदेश प्रवक्ता राजेश सिंह मौजूद थे।

## मोदी सरकार ने दिया है बिहार को उपहार : प्रो. रणबीर नंदन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए राज्यों को केंद्रीय करों की हिस्सेदारी में बिहार सर्वोच्च दो राज्यों में शामिल है। इस संबंध में पूर्व विधान पार्षद व भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. रणबीर नंदन ने कहा है कि केंद्रीय करों में जो आवंटन हुआ है, उसमें सबसे अधिक रकम पाने वाले दो राज्यों में बिहार है। उत्तर प्रदेश के बाद बिहार को ही मोदी सरकार ने सबसे अधिक रकम जारी की है। इस रकम से बिहार में कई विकास कार्यों का संचालन होगा, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। प्रो. नंदन ने कहा कि केंद्रीय करों में से सबसे अधिक रकम पाने वालों में बिहार दूसरे स्थान पर है। बिहार को कुल 17,921 करोड़ रुपए मिले हैं। जबकि पहले नंबर पर रहे उत्तर प्रदेश को 31,962 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। वहीं मध्य प्रदेश को 13,987 करोड़ रुपए जारी हुए हैं। पश्चिम बंगाल को 13,404 करोड़, महाराष्ट्र को 11,255 करोड़, राजस्थान को 10,737 करोड़ और ओडिशा को 8068 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार के प्रति विशेष लगाव का नतीजा है, जिससे बिहार की जनता सीधे लाभान्वित होगी। प्रो. नंदन ने कहा कि इस राशि से राज्य के विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने बिहार को विशेष पैकेज भी दिया है और राज्य में डबल इंजन सरकार तेजी से काम कर रही है। बिहार के सभी 38 जिलों के गांवों की उन सड़कों को पूरी तरह ठीक कर दिया जाएगा, जिनमें मरम्मत की जरुरत है। जिस गांव और टोले की आबादी एक सौ से ज्यादा है, वहां भी सड़कें रहेंगी और इस योजना से 9 हजार बसावटों को नई सड़क का तोहफा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से बिहार ने अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अपनी पहचान देश में तेज गति से विकास करने वाले राज्य के रूप में बनाई है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य की विकास दर के दो अंकों में रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल का आंकलन है कि बिहार सहित देश के शीर्ष 18 राज्यों की विकास दर वित्तीय वर्ष 2024-25 में आठ से दस प्रतिशत के बीच रहेगी, जो मोदी सरकार की विकासवादी नीति का ही प्रतिफल है। बीते वित्त वर्ष 2023-24 में भी बिहार की विकास दर 10.98% रही थी।

## सरकार यदि ई शिक्षाकोष पर हाजिरी बनाने से शिक्षकों को मुक्त नहीं करती तो होगा बड़ा आंदोलन : बृजनंदन शर्मा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। प्रारंभिक स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की नई स्थानांतरण, पदस्थापन नीति, शिक्षकों की उपस्थिति ई शिक्षाकोष अैप पर बनाने की बाध्यता से मुक्ति,सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए सरकार पर दबाव बनाने भविष्य के लिए आंदोलन से संबंधित रूपरेखा तैयार करने के संबंध में को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य पदाधिकारियो की अतिआवश्यक बैठक संघ के राज्य अध्यक्ष बृजनंदन शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें प्रमुख रूप से वरीय उपाध्यक्ष राम अवतार पांडेय, मिथिलेश शर्मा ,महादेव मिश्र, उपाध्यक्ष शंकर सिंह उपाध्यक्ष, घनश्याम प्रसाद यादव महासचिव मनोज कुमार, उप महासचिव हरेंद्र प्रसाद राय उप माह सचिव, जयप्रकाश चौधरी, आशीष कुमार एवं अनंत कुमार राय सचिव अयोध्या पासवान कोषाध्यक्ष राजीव रंजन कार्यालय सचिव राम भूषण उपाध्याय अंकेक्षक बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी प्रेमचंद्र ठाकुर प्रसाद यादव नवोदय ठाकुर मनीष कुमार एवं विपिन कुमार यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सांगठनिक मामलों के निष्पादन हेतु सर्व समिति से अध्यक्ष बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ बृजनंदन शर्मा को अधिकृत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि बड़ी लड़ाई के बाद मृत्य शिक्षकों के आश्रितों की शिक्षक के पद पर पूर्ण वेतनमान में नियुक्ति का हक पाया था जिसे सरकार ने खत्म कर दिया है जो बड़ा दुखद है बार-बार लिखने के बावजूद सरकार के कान पर जू नहीं रेंग रहा ई शिक्षकोष पर जबरन हाजिरी बनवाया जा रहा है बिहार के शिक्षक परेशान हैं उत्तर प्रदेश सरकार ने अपना आदेश वापस ले लिया पर बिहार में अभी तक यह जारी है जो बिल्कुल गलत है बिहार सरकार एवं शिक्षा विभाग को इस संदर्भ में कई एक पत्र हमने लिखा है पर अब तक समुचित कार्रवाई करते हुए इस तानाशाही आदेश को वापस नहीं लिया गया है जो बिल्कुल गलत है अपने नियोजन काल से ही वेतन विसंगति का दंस झेल रहे सेवा पूर्व प्रशिक्षित शिक्षकों के वेतन विसंगति को भी अब तक दूर नहीं किया गया जबकि इस संदर्भ में सरकार के पास जितनी भी मांग पत्र गई है सब में मांग किया गया है सरकार शिक्षकों को परेशान कर आंदोलन के लिए उसका रही है।बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के महासचिव घनश्याम प्रसाद यादव ने कहा कि अगर यथाशीघ्र सरकार शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं करती तो बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ मजबूरन आंदोलन को विवश हो जाएगा जिससे अगर शिक्षा व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न होता है तो इसकी सारी जिम्मेदारी राज्य सरकार और शिक्षा विभाग की होगी।

संक्षिप्त समाचार

## पुलिस स्कॉट में डाकबंगला से विसर्जन के लिए निकली प्रतिमा

**पटना।** पटना शहर के सबसे बड़े दुर्गा पूजा समितियों में से एक डाकबंगला चौराहा पूजा समिति की ओर से धूमधाम से मूर्ति विसर्जन कराई गई। ढोल-नगाड़ों के साथ डाकबंगला चौराहे से मूर्ति विसर्जन के लिए ले जाया गया। पटना के अलावा बाहर के बैंड भी इसमें शामिल किए गए हैं। जमकर आतिशबाजी की जा रही है। ढोल-नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु झूमते जा रहे हैं। इस बार तिरुपति बालाजी की थीम पर भव्य पंडाल बनाया गया था, जिसे देखने के लिए लाखों की भीड़ पहुंची थी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद, बिहार के डीजीपी आलोक राज समेत कई बड़े नेता और अधिकारी यहां दर्शन के लिए पहुंचे थे। डाकबंगला का पंडाल पूरे जिले में आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। मुख्य पुजारी गजेंद्र झा ने बताया कि पूरे साल इस समय का इंतजार होता है। फिर 9 दिन का नवरात्र का महा उत्सव होता है। हमारे इस समिति के कार्यकर्ता 6 महीने अथक प्रयास कर इस स्वरूप को देने में कामयाब हो पाते हैं। मां के मूर्ति विसर्जन के समय निश्चित ही मन भारी हो जाता है। इस समय बहुत अच्छा तो नहीं लगता है, लेकिन यह नियति है मां को विदा करना है। यह परंपरा तो सदियों से चली आ रही है। फिर इस पूजा का एक साल तक इंतजार करना है। वहीं प्रशासन की तैयारियों पर अपनी संतुष्टि जताते हुए मुख्य पुजारी ने बताया कि प्रशासन का हमेशा से सहयोग मिलता है। प्रशासन की तरफ से हर साल अच्छी व्यवस्था की जाती है। इस साल मूर्ति विसर्जन के लिए पुलिस की स्कॉट की व्यवस्था की गई है, जो की काफी संतोषजनक है। डाकबंगला चौराहे से मूर्ति कोतवाली टी प्वाइंट से होते हुए मरीन ड्राइव होते हुए दीघा घाट पर विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा है। संबंधित रूट में पुलिस पदाधिकारियों को अलर्ट कर दिया गया है। सभी चौक-चौराहों पर पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। वहीं इस पूजा समिति के संस्थापक संजीव कुमार टोनी भी मूर्ति विसर्जन में शामिल हैं। संस्थापक ने बताया कि इस बार उम्मीद से ज्यादा लोग दर्शन करने के लिए पहुंचे थे। पुलिस प्रशासन का भी सहयोग मिला जिससे इस पूजा का सफल आयोजन हो पाया है।

### पांच सदस्यीय बॉल बैडमिंटन चयन समिति गठित

**पटना।** बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में एवं मुजफ्फरपुर जिला बॉल बैडमिंटन संघ व चित्रांश खेल व सांस्कृतिक मंच के द्वारा 16 से 20 अक्टूबर तक बीपी इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल मिठनपुरा, मुजफ्फरपुर में आयोजित होने वाली बैधनाथ प्रसाद मेमोरियल 31वीं बिहार राज्य जूनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप (बालक व बालिका) को सफल बनाने हेतु मुजफ्फरपुर जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव राजीव कुमार सिन्हा के देखरेख में तैयारी जोर शोर से की जा रही है। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर ने बताया कि चैंपियनशिप के मैचों के सफल संचालन हेतु 12 राष्ट्रीय व राज्य स्तर के तकनीकी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। श्री शंकर ने बताया कि इसी राज्य जूनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर बिहार बॉल बैडमिंटन टीम के प्रशिक्षण शिविर के लिए 13 बालक व 13 बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। बिहार टीम के चयन हेतु पांच सदस्यीय चयन समिति का गठन किया गया है जिसके अध्यक्ष सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक प्रकाश रंजन (मधेपुरा), संयोजक बादल कुमार (मुजफ्फरपुर) एवं सदस्य रवि रंजन कुमार (वैशाली), राहुल कुमार (नवगछिया), नेहा रानी (सुपौल) होंगे।

### पूरे उत्तर, मध्य एवं पूर्वोत्तर भारत में की जा रही यूरिया की आपूर्ति : मोहंती

**पटना।** हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड ने बिहार एवं झारखंड में सुचारू रूप से कार्य करने के लिए रुकनपुरा स्थित सोनी टावर में अपने राज्य कार्यालय (बिहार एवं झारखंड) का शुभारंभ एचयूआरएल के प्रबंध निदेशक डॉ. एसपी मोहंती के द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंध निदेशक डॉ. मोहंती ने कहा कि एचयूआरएल का राज्य कार्यालय पटना में होने से कंपनी का सभी कार्य सुचारू रूप से करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी के तीनों यूरिया की प्लांट क्रमशः बरौनी, सिंदरी तथा गोरखपुर से यूरिया का उत्पादन किया जा रहा है जिससे यूरिया की आपूर्ति पूरे उत्तर, मध्य एवं पूर्वोत्तर भारत में की जा रही है, जिससे यूरिया की किल्लत से निजात मिली है। वहीं राज्य प्रमुख गीतम सिंह ने कहा कि एचयूआरएल के द्वारा प्रत्येक प्लांट से प्रति वर्ष 12.7 लाख टन यूरिया का उत्पादन किया जाता है तथा प्रति वर्ष तीनों प्लांट से कुल 38.1 लाख टन यूरिया का उत्पादन होता है। मौके पर निशि सौरभ समेत सभी फर्टिलाइजर कंपनी के राज्य प्रमुख, वितरक, एचयूआरएल सभी मार्केटिंग अधिकारी एवं सभी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### प्रदेश में बदलेगा मौसम, अब ठंड की होगी एंट्री

» सबसे अधिक तापमान 35.5 डिग्री बेगूसराय तो सबसे कम 30.5 डिग्री किशनगंज का तापमान रहा

» राजधानी पटना का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस रहा

**पटना।** बिहार में अब ठंड की एंट्री होने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को प्रदेश के किसी भी जिले में बारिश होने की संभावना नहीं है। सभी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। रविवार को पटना का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान बेगूसराय में 35.5 डिग्री तथा सबसे कम तापतान किशनगंज का 30.5 डिग्री रहा। इस दौरान दिन के तापमान में सामान्य से 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। जबकि, रात के तापमान में गिरावट आएगी। हालांकि, 18 अक्टूबर को 11 जिलों में बारिश की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान बांका जिले का तापमान सबसे ज्यादा 34.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसके अलावा पटना का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक एसके पटेल के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क बना रहा है। तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है, लेकिन अभी भी तापमान सामान्य से एक से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। बिहार के ऊपर कोई मौसमी गतिविधि नहीं है, जिसके कारण आज मौसम शुष्क बना रहेगा और कई जिलों में बादल छाए रहने का पूवार्नुमान है। वहीं, बिहार के निचले इलाकों से पश्चिमी हवा ऊपर की ओर आ रही है, जिसके कारण अब धीरे-धीरे तापमान में कमी आने की संभावना है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले दो-तीन हफ्तों में रात के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट देखने को मिलेगी। दिन के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है। उसके कारण लोग उमस से परेशान हो सकते हैं। वहीं, आने वाले कुछ दिनों में राज्य में पछूआ हवा की एंट्री पूरी तरीके से हो जाएगी। जिसके कारण ठंड का माहौल बनेगा। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि दिवाली और छठ महापर्व के करीब ठंड की शुरूआत हो सकती है।

## रामलीला अंतिम दिन राम भरत मिलाप देख दर्शक हुए भाव विभोर

राम-रावण युद्ध के साथ के साथ भरत मिलाप और भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन किया गया। नागाबाबा ठाकुरबाड़ी में कई सालों से रामलीला का मंचन किया जाता है। इस वर्ष भी रामलीला का मंजन किया गया। शनिवार को भगवान राम ने रावण का वध किया। वहीं राम-सीता और लक्ष्मण अयोध्या पहुंचे, जहां भरत से मिलाप हुआ। कलाकारों द्वारा रामलीला में राम-भरत मिलाप का मार्मिक मंचन किया गया, जिसे देख रामलीला पंडाल में उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गई। इसके बाद कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक के साथ तिलक कर स्वागत किया गया। एम पी जैन ने बताया कि भरत मिलाप में कमिटी के कमल नोपानी, अध्यक्ष अरूण कुमार, संयोजक मुकेश नंदन, सह संयोजक राकेश कुमार,कोषाध्यक्ष पवन कुमार, प्रिंस कु राजू, आशु गुप्ता, सुजय सौरव, डॉ० धनंजय कुमार,सुषमा साहू, राजेश बजाज,आर्य नंदन, धर्मराज केशरी, शम्भु बाबा,सुरेश मल्होत्राराकेश मिश्रा, मनीष सिंह,चन्दन कुमार,राकेश नन्दन,संजय राय,संजय वर्णवाल, हर्ष नंदन,प्रेम कुमार,अजीत कु बबलू,आदित्य राज,डॉ० अभिषेक सिंह,मुकेश शाह, नवीन गुप्ता, दुर्गा राय, डॉ० अजय प्रकाश।

**एम पी जैन**

# साहित्य सम्मेलन के 43वें महाधिवेशन की तैयारियाँ हुई पूरी

### वैचारिक-सत्रों के विद्वानों और विदुषियों के नाम भी हुए तय

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** आगामी 19-20 अक्टूबर को आयोजित बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के 106ठे स्थापना दिवस समारोह एवं दो दिवसीय 43वें महाधिवेशन की तैयारियाँ लगभग पूरी हो चुकी हैं। उद्घाटन-समारोह एवं समापन-समारोह के अतिथियों के साथ ही विभिन्न वैचारिक-सत्रों के अध्यक्षों और वक्ताओं की सूची भी तैयार हो चुकी है। समारोह का उद्घाटन 19 अक्टूबर को पूर्वाहन 11-30 बजे, झारखण्ड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और महानदी जल-विवाद प्राधिकरण के सदस्य न्यायमूर्ति श्री रवि रंजन तथा केंद्रीय मंत्री जीतन राम माँझी दीप-प्रज्वलित कर करेंगे। यह जानकारी देते हुए, सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने बताया है कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग तथा माहात्मा गांधी द्वारा स्थापित संस्था राष्ट्राभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अध्यक्ष प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित, वृंदावन के सुप्रसिद्ध विद्वान डा गोपाल चतुर्वेदी, कुँवर वीर



» प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित, डा गोपाल चतुर्वेदी, डा महेन्द्र मधुकर, कुँवरवीर सिंह 'मार्तण्ड', प्रो रवीन्द्र कुमार, डा जसबीर चावला, आचार्य विजय रंजन आदि वक्ताओं के होंगे व्याख्यान, पं बुद्धिनाथ मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित होगा विराट कवि-सम्मेलन, समापन-समारोह में विविध अलंकरणों से सम्मानित होंगे हिन्दी-सेवी

सिंह मार्तण्ड(कोलकाता), मेरठ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रवीन्द्र कुमार, डा जसबीर चावला (चंडीगढ़), आचार्य विजय रंजन (अयोध्या), प्रो महेन्द्र मधुकर, डा वंदना वाजपेयी (दिल्ली), अमरेन्द्र नारायण (जबलपुर) आदि विद्वान विभिन्न सत्रों में अपना व्याख्यान देंगे। 19 अक्टूबर की संध्या में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संपन्न होगा। अगले दिन भोजन के अवकाश के पश्चात एक विराट राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता गीत के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के कवि पं बुद्धिनाथ मिश्र करेंगे। समापन समारोह का उद्घाटन बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा नन्द किशोर यादव करेंगे। मुख्य अतिथि होंगे बिहार के पुलिस महानिदेशक आलोक राज। समापन समारोह में हिन्दी की मूल्यवान सेवा करने वाले विद्वानों और विदुषियों को विविध अलंकरणों से सम्मानित किया जाएगा। समारोह के पहले दिन उद्घाटन के पूर्व सम्मेलन की शीर्ष समिति 'स्थायी समिति' की बैठक भी संपन्न होगी। व्यवस्था संबंधी सभी उपसमितियों का भी गठन किया जा चुका है, जो दूसरे प्रांतों से आ रहे अतिथियों के आवासन और यातायात सहित दोनों दिन सभी अतिथियों,प्रतिनिधियों और भाग लेने वाले सभी सदस्यों के लिए भोजन-जलपान,चाय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगी। विद्यार्थियों और युवाओं को प्रतिभागिता हेतु विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

## एमएमडीपी के अंतर्गत लाइन लिस्ट के अनुसार मार्च 2025 तक सभी हाइड्रोसील मरीजों का होगा ऑपरेशन

नई सोच एक्सप्रेस

» अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने पत्र जारी कर दिया निर्देश

**पटना।** राज्य के सभी हाइड्रोसील मरीजों का मार्च 2025 तक ऑपरेशन करने का लक्ष्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित किया गया है। इस बाबत अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने राज्य के सभी सिविल सर्जन को पत्र जारी कर तय समय के अंदर उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। जारी पत्र में बताया गया है कि राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा हाइड्रोसील मरीजों के ऑपरेशन का बैकलॉग मार्च 2025 तक समाप्त करने का निर्देश दिया गया है। जारी पत्र में बताया गया है कि शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रेफरल हॉस्पिटल, जिला एवं अनुमंडलीय हॉस्पिटल तथा जिले में अवस्थित मेडिकल कॉलेज में प्रक्रिया का पालन करते हुए कैंप मोड पर शल्य चिकित्सा शिविर लगाकर लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित किया जाए। जारी पत्र में निर्देशित है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्राइवेट हॉस्पिटल में भी हाइड्रोसील मरीजों का ऑपरेशन करने के लिय प्रोत्साहित करते हुए वहां किये गए ऑपरेशन के आंकड़ों को भी जिला की संख्या में शामिल करें। जारी पत्र में बताया गया है कि इस कार्यक्रम के सफल संचालन एवं जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए प्रचार प्रसार एवं मोबिलाईजेशन पर ध्यान देते हुए मार्च 2025 तक शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें। जारी पत्र में जिलावार सूचि ले अनुसार राज्य में 17,863 हाइड्रोसील के केस हैं। राज्य में प्रति माह 2977 हाइड्रोसील मरीजों के ऑपरेशन का लक्ष्य रखा गया है। विदित हो कि हाइड्रोसील मरीजों के ऑपरेशन के लिए उन्हें एम्बुलेंस की सुविधा प्रदान की जाती है एवं ऑपरेशन के उपरांत उन्हें दवा निशुल्क उपलब्ध करायी जाती है।

## हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड ने पटना में खोला अपना स्टेट ऑफिस

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड ने बिहार एवं झारखंड में सुचारू रूप से कार्य करने के लिए पटना के रुकनपुरा स्थित सोनी टावर के तीसरे तल पर अपने राज्य कार्यालय (बिहार एवं झारखंड) का शुभारंभ किया। कार्यालय का शुभारंभ हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. एस पी मोहंती के द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके पश्चात कार्यालय में पूजा कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. एस पी मोहंती ने कहा कि हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड का राज्य कार्यालय पटना में होने से



कंपनी का सभी कार्य सुचारू रूप से करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के तीनों यूरिया की प्लांट क्रमशः बरौनी, सिंदरी तथा गोरखपुर से यूरिया का उत्पादन किया जा रहा है जिससे यूरिया की आपूर्ति पूरे उत्तर, मध्य एवं पूर्वोत्तर भारत में की जा रही है जिससे यूरिया की किल्लत से निजात मिली है। हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के राज्य प्रमुख गीतम सिंह ने कहा कि हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के द्वारा प्रत्येक प्लांट से प्रति वर्ष 12.7 लाख टन यूरिया का उत्पादन किया जाता है तथा प्रति वर्ष तीनों प्लांट से कुल 38.1 लाख टन यूरिया का उत्पादन होता है। मौके पर सभी फर्टिलाइजर कंपनी के राज्य प्रमुख, वितरक, हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड सभी मार्केटिंग अधिकारी एवं सभी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## खगौल में मां दुर्गा प्रतिमा का शांतिपूर्ण विसर्जन

» देखने को उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

नई सोच एक्सप्रेस

**दानापुर।** विजयादशमी को खगौल में मां दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन को देखने के लिए स्थानीय बाजारों और सड़कों के दोनों किनारे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देर रात तक लगी रही।खास कर खगौल बाजार में महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिला है। नियंत्रित करने के लिए पूजा समीति के सदस्यों के साथ स्थानीय पुलिस प्रशासन को कड़ी मिहनत करनी पड़ी। खगौल थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया की प्रतिमा विसर्जन के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। जगह-जगह विसर्जन के दौरान पुलिस की देखरेख में विसर्जन संपन्न कराया गया । नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि खगौल लख पर विसर्जन के दौरान लाइटिंग की व्यवस्था की गई है,ताकि किसी तरह से ,मां दुर्गा का प्रतिमा विसर्जन को लेकर किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। मूर्तियों के विसर्जन कराने में अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार , सब इंस्पेक्टर अर्चना कुमारी सिंह, दुर्गा श्री सिन्हा आदि ने मोती चौक से लेकर लाल चौक तक का कमान संभाल रखी थी । वही दूसरी ओर विसर्जन कराने में नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष



बिदाई में खोइंछा भराई

सुनील कुमार,अजय कुमार यादव,चंदू प्रिंस, वार्ड पार्षद पिंटू कुमार महेंद्र कुमार सिंह, प्रशांत कुमार सिंह आदि ने अहम योगदान किया है।

## सी के नायडू अंडर -23 में मजबूत स्थिति में हैदराबाद, कप्तान का शतक

नई सोच एक्सप्रेस

» मनीष ने झटके 5 विकेट, बिहार के दो विकेट गिरे

**पटना।** स्थानीय मोइनुल हक स्टेडियम में प्रारम्भ हुए सी के नायडू ट्रॉफी (व-23) में हैदराबाद की टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी करती हुए 349 रन आउट हो गई। हैदराबाद के कप्तान मयंक गुप्ता ने शानदार शतक बनाते हुए 115 रन बनाकर आउट हुए। बिहार के मनीष कुमार ने हैदराबाद के पाँच बल्लेबाजों को आउट करने में सफलता पायी। बिहार में इस सीजन के इस पहले मैच प्रारम्भ होने से पहले विधान परिसद के सभापति अवधेश नारायण सिंहऔर पटना की मेयर सीता साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया, इससे पूर्व सभी मुख्य अतिथियों और बीसीसीआई से आए मैच आफिसियल्स को पुष्प गुच्छ और शाल देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने सभी आगत अतिथियों को धन्यवाद किया और मैच को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। हैदराबाद की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान के अलावे अविनाश 60 रन, विगनेश रेड्डी 53 रन अमन राव 34 रन, जयराम शून्य, पारस 37 रन, इलियन 20 रन, एम रुथीक एक रन तथा सेकेथ 2 रन बनाकर आउट हुए, जबकि प्रणव 5 रन बनाकर नॉट आउट रहे। बिहार की ओर से मनीष ने 5 विकेट अनूप ने 2 तथा आदित्य और सूरज ने एक-एक विकेट लिए। जवाब मेन उतरी बिहार की टीम के 2 विकेट 20 रन पर आउट हो चुके है। अनिमेष एक रन और अनूप कुमार बिना खाता खोले आउट हो चुके है। हैदराबाद की ओर से एन नितिन ने दोनों विकेट लिए।

## गया और मुंबई के मध्य एक नई ट्रेन का परिचालन

### श्रीमती अन्नपूर्णा देवी केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार द्वारा

नई सोच एक्सप्रेस

**हाजीपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, विधायक श्री अमित कुमार यादव द्वारा ट्रेन संख्या 02358 गया-लोकमान्य तिलक उद्घाटन स्पेशल को कोडरमा स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर, गया और लोकमान्य तिलक टर्मिनल, मुंबई के मध्य एक नई ट्रेन सेवा का आज शुभारंभ किया गया । नई ट्रेन का नियमित परिचालन गाड़ी सं. 22358/22357 गया-लोकमान्य तिलक-गया एक्सप्रेस द्वारा किया जायेगा । यह नई ट्रेन झारखंड और बिहार को मुंबई से संपर्क बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस ट्रेन के शुरू होने से झारखंड एवं बिहार के विभिन्न धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक पहुंचना आसान हो जाएगा। त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों के लिए यह कदम एक अतिरिक्त लाभ होगा। यह सेवा मार्ग



पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में भी मदद करेगी, जिससे स्थानीय व्यवसायों, पर्यटन और आस-पास के क्षेत्रों में व्यापार को लाभ होगा। गया से यह ट्रेन सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनल से सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित किया जाएगा । इस ट्रेन में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03 कोच, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 03 कोच, शयनयान श्रेणी के 06 कोच तथा साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे । गाड़ी सं. 22358 गया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस गया से प्रत्येक बुधवार को 19.00 बजे खुलकर शुक्रवार को 05.50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल पहुंचेगी

» गया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल उद्घाटन स्पेशल का

» कोडरमा स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर किया गया शुभारंभ

। वापसी में गाड़ी सं. 22357 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-गया एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक टर्मिनल से प्रत्येक शुक्रवार को 13.15 बजे खुलकर शनिवार को 22.50 बजे गया पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन गया और लोकमान्य तिलक टर्मिनल के मध्य कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बरकाकाना, मेसरा, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगडा, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, वर्द्धा, बडनेरा, अकोला, भुसावल, जलगांव, नासिक रोड एवं कल्याण स्टेशनों पर रूकेगी ।

## हवेली पटना में हुआ धमाकेदार नवरात्रि गरबा 2.0

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** एंजायटिका इवेंट्स एंड पिक्चर्स पैच के द्वारा आयोजित नवरात्रि गरबा 2.0 का आयोजन हवेली पटना में धूमधाम के साथ किया गया। सेलिब्रिटी गेस्ट भोजपुरी की अभिनेत्री त्रिशाकर मधु जी ने नवरात्रि गरबा 2.0 में धूम मचा दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में फैशन इवेंट के डायरेक्टर दीपू राज का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनसुराज की वंदना कुमारी उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बिजनेसमैन आदित्य पटेल उपस्थित रहे। इस इवेंट को सफल बनाने में एंकर शिवम चंद्रवंशी, और पटना के बहुत सारे ब्लॉगर ने योगदान दिया।सेटअप साउंड लाइट एलईडी ओम इवेंट डायरेक्टर रोहित कुमार ने लगाया। इवेंट में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और फुल इंजॉय किया। रंग बिरंगे परिधान में बच्चों से लेकर महिलाए ओर युवा डांडिया के साथ थिरकते नजर आए।इस दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को



» कई नामचीन कलाकार,समाजसेविका शामिल हुई

मिला। डांडियों की खनक के साथ ही महिलाओं ने कई प्रस्तुतियां भी दी। ऑर्गेनाइजर साहिल अभिजीत ने बताया कि जिन्होंने हमारे कार्यक्रम में शिरकत की,उनके लिए सारी व्यवस्था थी। उन्हें किसी चीज की कमी महसूस नहीं हुई और लोगों ने फुल इंजॉय किया। कृष्णापुरी थाना का इस इवेंट को बेहतरीन बनाने में सुरक्षा प्रदान करने में बहुत सपोर्ट मिला। हम इसके लिए हमेशा उनके आभारी रहेंगे।शारदीय नवरात्र में ऐसे आयोजन होने से महिलाओं में ऊर्जा का संचार होता है। मां दुर्गा शक्ति की परिचायक हैं और प्रत्येक नारी को आत्म सम्मान और स्वाभिमान की प्रेरणा प्रदान करती हैं।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से विजयदशमी उत्सव सह पथ संचलन सराय से उसरी बाजार तक हुआ

नई सोच एक्सप्रेस

**दानापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दानापुर खंड की ओर से विजयदशमी उत्सव सह पथ संचलन सराय बाजार से उसरी बाजार तक पैदल बैंड बाजा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्रह्माचारी रविन्द्र दास जागु कबीर साहब विदुपुर वैशाली गद्दी के आचार्य गद्दी के अंदर 352 मठ है पूरे भारत में एक हथियाकांन्ध मठ को उन्होंने गौशाला के लिए देने कि घोषणा कियें। बौद्धिक कर्ता काशीनाथ यादव, सामाजिक सदभावना के प्रान्त टोली के सदस्य एवं बीडीओ से अवकाश प्राप्त कियें है। अन्य गणमान्य लोगों में लालजी प्रसाद यादव,सामाजिक समरसता प्रान्त टोली के सदस्य चंद्र भूषण जी, जिला संयोजक दानापुर सामाजिक समरसता विष्णु



कुमार,खंड कार्यवाह दानापुर मनोज जी, खंड कार्यवाह मनेर विक्की जी, शारीरिक शिक्षण प्रमुख दानापुर भूपेंद्र भूषण शारीरिक शिक्षण प्रमुख दानापुर जिला एवं 70 गणवेश धारी स्वयंसेवक और अन्य 30 लोग लगभग 100 की संख्या में संचलन किया।

## संक्षिप्त समाचार

## अवैध हथियार के साथ मेला घुम रहा युवक गिरफ्तार

**छपरा।** सारण पुलिस ने मेला घूमने के दौरान एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।बता दें कि दरियापुर थाना पुलिस टीम द्वारा विधि व्यवस्था संधारण हेतु बाइक गश्ती कर थाना क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर संदिग्धों पर नजर रखी जा रही थी। उसी क्रम में दरियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुंदरपुर चौक पर एक बाईक सवार व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस बल द्वारा पकड़ कर पूछताछ एवं तलाशी लिया गया तो तलाशी के क्रम में एक देसी कट्टा के साथ बाईक सवार को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार बाइक सवार युवक जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र के बिसाही गांव निवासी चंचल कुमार राय बताया गया है।

## शिक्षक के आश्रितों को 25 लाख की सहायता राशि देने की शिक्षक नेता ने की मांग

छपरा।रिविलगंज प्रखण्ड के खैरवार उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत मकेर प्रखण्ड के खलपुरा निवासी शमशाद अंसारी का निधन हृदयगति रुकने से गुरुवार को गया। जिनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि शमशाद जी का निधन अपूरणीय क्षति है , स्थानीय साथियों से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले कुछ महीनों से वे बेहद तनाव में रहते है। वे अपने पीछे तीन बेटी तथा एक बेटा को छोड़कर गए है।जिनकी अब सारी जिम्मेदारी घर वालों पर है।उन्होंने कहा कि समय से पूर्व इस तरह काल के गाल में समा रहे शिक्षको की मौत का जिम्मेदार आखिर कौन है जो आये दिन सड़क दुर्घटना,नाव दुर्घटना जैसे हादसो का शिकार होते है। शिक्षक नेता ने शिक्षा विभाग से अविलंब मृत शिक्षक के आश्रितों को 25 लाख रुपये की सहायता राशि की घोषणा करने की मांग की ।उक्त मौके पर निजाम अहमद, मुमताज जी, साबिर जी, अनिल दास, इंद्रजीत कुमार महतो,निरंजन कुमार सिंह, संतोष सिंह,राजेंद्र प्रसाद,प्रवीण जी, निरंजन जी,कमर जावेद,पीयूष तिवारी,अविनाश कुमार सिंह,हिमांशु कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## सोनपुर में 20 अक्टूबर को क्षत्रिय सम्मान रैली का होगा आयोजन

**छपरा।** आगामी 20 अक्टूबर को क्षत्रिय सम्मान रैली का विशाल आयोजन सोनपुर में किया जाएगा। जिसमें बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के सदस्य भी शामिल होंगे। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार प्रदेश राजपूत करणी सेवा के अध्यक्ष अमित सिंह उज्जैन ने छपरा शहर के राजपूत छात्रावास में आयोजित एक बैठक के दौरान प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि राजपूत सभी समाज को साथ लेकर चलने के लिए जाना जाता है।उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप और बाबू वीर कुंवर सिंह इसके सजीव उदाहरण है, जिन्होंने समाज और देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया है।जिसको लेकर राजपूत करणी सेवा के द्वारा क्षत्रिय सम्मान रैली का आयोजन किया गया है, जिसका आयोजन सारण के सोनपुर में आगामी 20 अक्टूबर को किया जाएगा. इस रैली के माध्यम से राजपूत करणी सेना अपनी पांच मुख्य मांगों को सरकार के समक्ष रखेगी। जिसमें बिहार के बिहटा एयरपोर्ट का नामकरण बाबू वीर कुंवर सिंह के नाम से करने, ईडब्ल्यूएस का सरलीकरण करने, क्षत्रिय कल्याण बोर्ड का गठन करने, पटना में क्षत्रिय छात्रावास के लिए जमीन आवंटित करने एवं भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांगे शामिल है।

## ट्रक ने मारी टक्कर,तीन घायल

**सुगौली।** दुर्गा पूजा मेला देख घर लौटने में तेज रफ्तार ट्रक ने मारी बाइक सवार को जोरदार टक्कर बाइक सवार तीन घायल हुआ।स्थानीय लोगो की सहयोग से एम्बुलेंस बुला सुगौली पीएचसी अस्पताल भेजा गया जहाँ तीनो बाइक सवार घायल की इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की करीब 8 बजे ट्रक एवं बाइक की आमने सामने की टक्कर हुई जिसमें बाइक सवार तीन घायल हुआ, वही स्थानीय लोगो ने एम्बुलेंस एवं पुलिस को फोन पर जानकारी दिया जिसके बाद एम्बुलेंस त्वरित घटना स्थल पहुचा जो तीनों घायल बाइक सवार को सुगौली पीएचसी अस्पताल पहुचाया जहाँ तीनो घायल का इलाज चल रहा है।वही सुगौली में दुर्गा पूजा का मेला देखने थानाक्षेत्र के फुलवरिया पंचायत के बेगिया टोला निवासी सत्रुधन कुमार, अंकित कुमार एवं सोनू कुमार दिन में ही मेला देखने बाइक से आया था।तीनो मेला देखकर बाइक से घर लौट रहा था तभी रास्ते मे छपवा-रक्सौल नेशनल हाइवे स्थित राइस मिल छपवा के नजदीक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी।जिस घटना में तीनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया।वही घायल सत्रुधन कुमार को ज्यादा छोटे आई है। वही घटना की जानकारी मिलते ही सुगौली पुलिस घटना स्थल पहुँची घटना की जानकारी स्थानीय लोगो से प्राप्त किया।सुगौली थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया की सूचना प्राप्त होते ही सुगौली पुलिस टीम मौके पर पहुँची है और तीनों घायल को अस्पताल पहुचाया गया है जहाँ तीनो का इलाज चल रहा है।वही ट्रक और बाइक में टक्कर हुई है जिसमे ट्रक टक्कर मारने के भाग गया है।जल्द ही ट्रक को चिन्हित करते हुए कब्जे में ले ली जाएगी।

## युवा क्रांति रोटी बैंक के छठे वर्षगांठ पर 51 माताओं को किया गया सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस




**छपरा।** युवा क्रांति रोटी बैंक का छठा वार्षिकोत्सव धूमधाम से शहर के चंद्रावती पैलेस में मनाया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मधु मंजरी, मोनालिसा सिंह, पूर्व मेयर राखी गुप्ता,डिप्टी मेयर रागिनी गुप्ता,अध्यक्ष नीतू गुप्ता,उपाध्यक्ष बिंदिया जयसवाल,सुषमा सोनी,अनुराधा मिश्रा, चेतना सिंह,आशा सिंह,प्रियंका प्रकाश,सरिता प्रकाश, पूजा गुप्ता,सुदीपा ब्याहुत,अर्चना कुमारी, बिंदु कुमारी,ज्योति गुप्ता, रश्मि कुमारी, कुंती देवी, सीमा जयसवाल,रेणु सिंह,मिलन गुप्ता,संस्थापक ई०विजय राज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन एंकर मीली कुमारी ने किया। संस्थापक ई. विजय राज ने रक्तवीरों जयप्रकाश सिंह और सचिन सिंह को सम्मानित किया। अध्यक्ष नीतू गुप्ता और बिंदिया जयसवाल ने कहा कि यह सभी कार्य आप सभी लोगों के सहयोग से हो पाते हैं।इस कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों का हृदय से बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं।मुख्य अतिथि का स्वागत चुनरी व स्मृति चिन्ह देकर किया गया। राखी गुप्ता ने कहा कि छपरा शहर में पिछले छः सालों से युवा क्रांति रोटी बैंक हर शाम जरूरतमंदों के नाम से छपरा जंक्शन परिसर व विभिन्न जगहों पर असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन कराती है साथ-साथ अगर किसी को रक्त की आवश्यकता पड़ती है तो युवा क्रांति रोटी बैंक आगे बढ़ कर उनकी मदद करती है। मीडिया प्रभारी अर्जुन सिंह और राशिद रिज़वी ने कहा कि हर त्योहार पर सफाई कर्मी महिलाओं के बीच साड़ी वितरण करना,जाड़े के दिनों में कंबल वितरण करना, बरसात के दिनों में रेनकोट वितरण किया जाता है और आगे ऐसे ही मुहिम चलता रहेगा। मालूम हो कि पिछले छह सालों से अब तक युवा क्रांति रोटी बैंक ने बहुत सारे सामाजिक कार्य किए हैं । जिसमें प्राकृतिक आपदा के समय सारण में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भोजन का वितरण,राहत सामग्री का वितरण,जंगल प्लानेट के तहत शहर के सार्वजनिक स्थलों पर हजारों पेड़ लगवाना और उसकी देखभाल करना,पर्यावरण संरक्षण को लेकर शहर में सार्वजनिक पोखरे की सफाई कराना जैसे कार्य प्रमुख है । इस कार्यक्रम में संरक्षक सुषमा सोनी,आशा सिंह,युवा क्रांति रोटी बैंक उपाध्यक्ष अरुण कुमार,अमरेश कुमार,आदर्श राज,बवाली सिंह,निशांत,अनंत श्रीवास्तव, मंजीत कुमार, सर्वजीत रॉय, पिंटू, विवेक,अभिषेक उपस्थित रहे।

## मां दुर्गा का हुआ विसर्जन



नई सोच एक्सप्रेस

**सुगौली।** प्रखंड के भटहा में नवयुवक दुर्गा पूजा समिती के द्वारा प्रतिमा का विसर्जन भक्ति भाव से किया गया। भटहा बाजार स्थित पूजा स्थल से गाजा बाजा के साथ भव्य जुलुश निकाली गई।देवी देवताओं के प्रतिमाओं को वाहन पर रखने के पहले विधिवत पूजा की गई। माता के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंज्यान रहा।बैंड पर बज रहे भक्ति गीत पर लोग खूब थिरके। जुलुश भटहा गांव का भ्रमण करते हुए लक्ष्मीपुर से टिकुलिया होते हुए धनौती नदी घाट पर पहुंची।जहां विद्वान आचार्य के द्वारा सभी देवी देवताओं के प्रतिमाओं की पूजा अर्चन की गई।जिसके बाद नम आंखों से लोगो ने माता की बिदाई दी और प्रतिमा को नदी में विसर्जित किया गया। मौके पर पूजा अध्यक्ष चिंटू सिंह,वरुण सिंह, संजय सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि शंभू साह, रितु सिंह,अभिमन्यु सिंह,संजय सिंह,शैलेन्द्र सिंह,जय सिंह, दीपक दास,बिंदा यादव,तनय कुमार,राजकुमार सिंह,अशोक सिंह,गजेंद्र सिंह,लखन यादव,चंदन सिंह,रामशंकर साह, अंजनी सिंह,झुनू सिंह सहित कई लोग थे।

## अंतिम दिन भी भक्तों ने की पूजा अर्चना



नई सोच एक्सप्रेस

**सुगौली।** प्रखंड के भटहा में नवयुवक दुर्गा पूजा समिती के द्वारा भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया । पंडालों में श्रदालाओ की विशेष भीड़ लगी रही समिति के द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया था जो आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा इस अवसर पर लगी मेला में खूब भीड़ रही शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पोकता तैयारी की गई थी पूजा स्थल एवम पंडालों में मां दुर्गा की जयकारे गुजती रही।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।लोगो ने कार्यक्रम का पूरा आनंद लिए।समिति के द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ो लोगो ने भोजन किया।दूर दराज से आने वालों के लिए विशेष व्यवस्था की गई। मौके पर पूजा अध्यक्ष चिंटू सिंह , वरुण सिंह, संजय सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि शंभू साह, रितु सिंह, अभिमन्यु सिंह, दीपक दास सहित कई लोग थे।

## आपदा का लाभ लेने के लिए थाना में प्राथमिकी और पोस्टमार्टम जरूर कराएं:- मंत्री श्रवण कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**बिहारशरीफ़।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री व जदयू के कद्दावर नेता श्रवण कुमार ने कहा कि सरकारी खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ित परिवारों का है आपदा पीड़ित परिवार के लिए सरकारी खजाने खुला है किसी भी तरह का आपदा हो पीड़ित परिवार को इसका लाभ मिलता है उसके लिए जरूरी है कि थाना में प्राथमिकी व सदर अस्पताल में पोस्ट मार्टम जरूर कराए ये बाते मंत्री श्री कुमार ने प्रखण्ड कार्यालय सभागार में आपदा पीड़ित परिवारों के बीच चेक वितरण के दौरान कह रहे थे इस दौरान मुख्यमंत्री अनुग्रह अनुदान के तहत खरज्जमा गाँव के अजीत रविदास रतनपुरा गाँव के संजय कुमार को चार चार लाख का चेक मिला वही मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ के तहत दरुआरा गाँव के उदय चौहान चरुईपर गाँव के सुनीता देवी अघियारपर को बीस बीस हजार का चेक वितरण के दौरान कह रहे थे वही इस अवसर उन्होंने जदयू कार्यकर्ता से अपील की की गाँव घर पंचायत में किसी तरह का आपदा हो सड़क दुर्घटना पानी मे डूबने से हुई मौत हो या साँप काटने से मौत हुई हो पीड़ित परिवार को थाना में प्राथमिक दर्ज कराने व अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के लिए जागरूक करने की बात कही वही इस अवसर सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सूबे में चहुँमुखी विकास हो रहा है जो बिहार में विकास का कार्य हुआ है उसका अनुकरण दूसरे राज्य में हो रहा है चाहे वह जल नल योजना हो या मुख्यमंत्री साइकिल योजना पूरी तरह हीट रहा है अब बिहार में गरीब मजदूर के बच्चे भी स्मार्ट क्लास में पढ़ाई कर रहे है और देश प्रदेश में नाम रौशन कर रहे है इस अवसर पर जदयू के वरिष्ट नेता राजेन्द्र प्रसाद जदयू के कला संस्कृति व खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विजय प्रकाश उर्फ पिंनु महतो बी डी ओ जियाउल हक सी ओ दीपक कुमार प्रखण्ड प्रमुख रेखा देवी जदयू के प्रवक्ता डॉ धनजय देव जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष बबलू कुमार नूरसराय पंचायत के मुखिया कृषणा प्रसाद डोइया पंचायत के मुखिया रवि राम जदयू नेता सुधीर कुमार बंटू कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## युवाओं को मनुष्य बनने का मार्गदर्शन



**[ आईपीएस विकास वैभव लगातार बिहार के युवाओं को मनुष्य बनने की सलाह देते हैं। और, सज्जनों का साथ देने के लिए प्रेरित करते आ रहे हैं। मुख्य रूप से, लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से बिहार में शिक्षा समता और उद्यमिता के विकास को बढ़ाने जैसे रचनात्मक कार्यों के लिए युवाओं को प्रेरित करते हैं। आईपीएस विकास वैभव दया और प्रेम जैसे मानवीय गुणों को बिहार के युवाओं में बढ़ा रहे हैं। अपने सरकारी दायित्वों को निभाते हुए, जिस निष्ठा से वो बिहार के युवाओं में प्रेम और दया जैसे मानवीय मूल्यों को बढ़ा रहे हैं, वह विस्मित करने वाला है। ]**

लघुवाद ने आपसी वैमनस्य का भयंकर आग लगाने का प्रयास कर दिया है। जातिवाद रूपी अग्नि में युवाओं का भविष्य जल रहा है। इन परिस्थितियों में युवाओं के अंदर मानवीय मूल्यों का ह्रास तेज़ी से हो रहा है। नव बिहार का निर्माण अब संभव दिख रहा है। और, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवा साथ दें दे तो बिहार भारत का ताज बन कर रहेगा। और, इस कार्य को दया और प्रेम जैसे मानवीय मूल्यों से ओत प्रोत युवाओं के बल पर ही करना संभव है। और, इस नेक कार्य को आईपीएस विकास वैभव कर रहे हैं। जातिवाद, क्षेत्रवाद और धर्मवाद जैसे लघुवादों ने आपसी प्रेम और सौहार्द के बीच दीवार खड़ी कर रहीं हैं। इस स्थिति में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। क्योंकि, युवा भटक रहे हैं। युवा अपनी संस्कृति से और मानवीय संवेदनाओं से बहुत दूर निकल पड़े हैं। माता पिता को भी उनके अनितिक आचरण और व्यवहार से तिरस्कार का सामना करना पड़ रहा है। जनसंख्या वृद्धि और प्रति व्यक्ति आय में कमी बिहार में बेरोजगारी, बीमारी और दूषित पर्यावरण को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई हैं। आईपीएस विकास वैभव ने इन परिस्थितियों को समझा और घोर चिन्तन किया। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास कर रहे है। इस बात पर चिन्तन किया जा रहा है कि आने वाली पीढ़ियों को हम बीमारीयों से मुक्त कर दें, सुंदर और स्वच्छ पर्यावरण दे दें। हर घर में मानवीय संवेदनाओं का दीप प्रज्वलित करने के लिए आईपीएस विकास वैभव लगातार कठीन परिश्रम कर रहे है। बिहार को सुंदर बनाने हेतु और युवाओं को सही दिशा में रखने वाला हर वो प्रयास लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के मार्गदर्शक कर रहे है। एक तरह से आईपीएस विकास वैभव सभी युवाओं को एक मंच पर लाने के लिए कठोर तपस्या में स्वयं को लीन कर लिया है। सामाज के तमाम बौद्धिक इस प्रयास की सराहना भी कर रहे हैं। जिस प्रकार से लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान का विचार तीव्रता से विचारधारा में तब्दील हो रहा है, वो दिन दूर नहीं होगा जब, हर दरवाजे के चौखट पर खड़ा युवा अपने बिहार के लिए संकल्पित होगा। युवाओं के हृदय के कोष्ठों में प्रेम, दया और देशभक्ति के दीप को प्रज्ज्वलित कर, अपनी धरा से अज्ञानता,अनैतिकता, असंवेदनशीलता और प्रदूषण जैसे अंधकार को दूर करने वाले आईपीएस विकास वैभव को बिहार का इतिहास भूल नहीं पाएगा। प्राचीन वैदिक साहित्यों को पढ़ते हैं तो, देवासुर संग्राम की जानकारी मिलती हैं, धर्म अधर्म और सत्य असत्य के बीच संघर्ष को भी देखते हैं। आज के परिवेश में व्यक्तियों के मस्तिष्क का अध्ययन और अनुभव यहीं ज्ञान दे रहा हैं कि प्रत्येक व्यक्ति में देव और असुर दोनों मौजूद हैं। देव के जागृत रहने पर समाज में रचनात्मक कार्य होने लगते हैं। और, असुर के जागृत रहने पर विध्वंसक कार्य। आईपीएस विकास वैभव लगातार बिहार के युवाओं को मनुष्य बनने की सलाह देते हैं। और, सज्जनों का साथ देने के लिए प्रेरित करते आ रहे हैं। मुख्य रूप से, लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से बिहार में शिक्षा समता और उद्यमिता के विकास को बढ़ाने जैसे रचनात्मक कार्यों के लिए युवाओं को प्रेरित करते हैं। आईपीएस विकास वैभव दया और प्रेम जैसे मानवीय गुणों को बिहार के युवाओं में बढ़ा रहे हैं। अपने सरकारी दायित्वों को निभाते हुए, जिस निष्ठा से वो बिहार के युवाओं में प्रेम और दया जैसे मानवीय मूल्यों को बढ़ा रहे हैं, वह विस्मित करने वाला है। ऐसा लगता है कि विश्राम नाम का शब्द उनके जीवन में है ही नहीं। बिहार के हर नागरिक को उनकी तरह एकाउंटेबिलीटी निभाने के लिए प्रेरित होना चाहिए। इस लेख के माध्यम से बिहार के लोगों से आग्रह कर रहा हूं कि समाज के रचनाकार बनिए विध्वंसक नहीं। आइए, सभी उनके संकल्प के साथ खड़े हो जाते हैं। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

## जहानाबाद ज़िला में फिर बढ़ने लगा है अपराध का ग्राफ़



नई सोच एक्सप्रेस

**» अपराधियों का मनोबल चरम सीमा पर**

**जहानाबाद।** सिकरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरिया हाई स्कूल के पास दुर्गा मेला रोड पर बाईक लगाने को लेकर भगवानगंज पटना जिला क्षेत्र एवं उनके साथ आये रामदेव चक के लड़को के द्वारा स्थानीय लोगो के साथ धक्कामुक्की किया गया। उसी क्रम में बिस्टऔल निवासी गौरव कुमार सिंह और पिन्टु कुमार के द्वारा लड़को को बोला गया कि रास्ते पर लगी हुई गाड़ी को किनारे हटा देने से जाम नहीं लगेगा। जिसके बाद इन दोनों लड़को पर रास्ता जाम कर रहे लडकों ने फायरिंग कर दिया। जिसमें यह दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गये। ज्ञात हो कि इस कांड में शामिल गुंजन कुमार एक अपराधी है। इसका एक लंबा अपराधिक इतिहास है। इस घटना की सूचना प्राप्त होते ही सिकरिया थाना की पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घायलों को सदर अस्पताल पहुँचाया एवं इसकी सूचना वरीय पदाधिकारीयों को दिया गया। सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए लगातार छापमारी का निर्देश दिया है। रात्रि से ही किये जा रहे छापामारी में इस कांड में शामिल दो अभियुक्तों की गिरफ्तार किया जा चुका है। इस कांड में घायल गौरव कुमार सिंह के फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।

## लाशों की कतारें ,जीरो टॉलरेंस के नारा

नई सोच एक्सप्रेस

**» महिला वकील को नग्न कर वीडियो बनाया**
**» यही है बिहार की पहचान**

**फतुहा।** आज पूरा बिहार रक्त रंजित है। चारों तरफ चित्कार मची हुई है। लाशों की कतारें सजती जा रही है, बावजूद जीरो टॉलरेंस के नारा लगाने में बिहार के भाजपाई भी पीछे नहीं है। सत्ता के लालच में जीरो टॉलरेंस का नारा लगाने से भाजपा की भारी बदनामी हो रही है। पटना के बाढ़ नामक जगह में अपहरण कर युवक की हत्या कर शव को बोरे में बंद कर गंगा नदी में बहाया। अपहृत प्रिंस कुमार पंडारक थाना क्षेत्र का शव गंगा नदी के किनारे बरामद किया गया। बताया जाता है कि मारपीट कर हत्या करने के बाद शव को अपराधियों ने बोरे में बंद कर गंगा नदी में बहा दिया था। बिहार में तो रक्षक ही कभी-कभी भक्षक बन जाते हैं। दानापुर में महादलित युवक को पुलिस ने दोनों पैर तोड़े तथा पांच हजार रुपए लिया। जख्मी राजवंशी ने एसपी से लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई। रिटायर अफसर की हत्या। मॉर्निंग वॉक पर निकले सचिवालय से रिटायर अफसर 70 वर्षीय रतन गुप्ता की हत्या कर दी गई। धनरूआ में ताबड़तोड़ फायरिंग। धनरूआ थाने के वीर ओरियारा स्थित जयंती एग्री न्यूट्रिशन प्राइवेट लिमिटेड के निर्माणाधीन गोदाम पर ताबड़-तोड़ गोली चलाई। प्रबंधक बाल-बाल बचें। सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र के सन्यासी बाजार के समीप अज्ञात अपराधियों ने एक सीएसपी कर्मी पर गोली चला दिया। सारण जिले के खैरा में शिक्षक से लूटपाट के प्रयास में असफल होने पर अपराधियों ने चाकू से गोद डाला। पुलिस ने चिंताजनक हालत देखकर पटना रेफर कर दिया। भागलपुर थाना क्षेत्र में ब्लैकमेलर से तंग पटना पुलिस के जवान की पत्नी ने जान दी। पटना ट्रैफिक पुलिस के जवान की पत्नी सोनी कुमारी ने फंदे से लटक कर जान दे दी उसके 10 साल के बेटे ने बताया कि मां को कोई लगातार फोन पर ब्लैकमेल कर धमकी दे रहा था। इधर तिलक मांझी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नवादा में सहोदर बड़े भाई ने छोटे भाई को गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान गांव के निवासी उमेश महतो का पुत्र सुनील महतो उर्फ गुड्डु के रूप में की गई। आरोपी भाई ने घर के दरवाजे पर छोटे भाई के सीने में सटाकर दो गोली मार दी। गोली लगने के बाद तुरंत घटनास्थल ही मौत हो गई। मृतक का एक साल की पुत्री है। मुजफ्फरपुर में एक युवक की हत्या। कटरा थाना क्षेत्र के देवगन गांव में जमकर चाकूबाजी की घटना हुई इस घटना में एक युवक मौत हो गई। समस्तीपुर में पीट-पीट कर ले ली एक व्यक्ति की जान। कल्याणपुर सैदपुर वार्ड संख्या 3 के जयलाल शाह उम्र 80 वर्ष को अपने घर के पड़ोसी के पुत्रों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। भागलपुर अपर रोड स्थित एक्सिस बैंक की शाखा में कार्यरत बैंक अधिकारी अभिषेक कश्यप और सोनू कुमार 25 वर्ष की उनके पैतृक आवास पर संदिग्ध अवस्था में गुरुवार को मौत हो गई। पटना सिटी। कपड़ा खरीदने गए किशोरी की दोस्तों ने गोली मार कर हत्या कर ली। माल सलामी थाना क्षेत्र के अशोक राजपथ पर भट्टी मोहल्ला के समय 19 वर्षीय कृष्ण कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी। रोहतास। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत सुंदरगंज गांव के पांच बीघा टोला में एक युवक की पिटाई से मौत हो गई।मृऊ 18 वर्षीय विकास कुमार विजय चौहान के पुत्र थे। बक्सर में किसान नेट अशोक तिवारी की हत्या। बताया जाता है कि बक्सर जिले के चौसा में निर्माण अधीन ताप विद्युत परियोजना से जुड़े किसानों की मांगों पर जोर तरीके से उठाने वाले चर्चित किसान नेता अशोक तिवारी की हत्या कर दी गई। पूर्वी चंपारण। पत्नी की धारदार हथियार से गला रेट कर हत्या। पूर्वी चंपारण थाना क्षेत्र की झिट कहिया पंचायत के निवासी संतोष सहनी की पत्नी संजू देवी की धारदार हथियार से गला रेत कर रहते हत्या कर दी गई। आरोप है कि पति संतोष ने ही घटना को अंजाम दिया पुलिस ने गिरफ्तार का जेल भेज दिया। आरा। भोजपुर थाना क्षेत्र के भोरही टोला में अज्ञात बदमाशों ने 9 महीना के दूध में है बच्चे की चोरी करने के बाद हत्या कर झाड़ी में फेंक दिया। सहरसा । महिला वकील को नग्न कर वीडियो बनाया। बदमाशों ने सदर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 36 में किराए के मकान में रह रही व्यवहार न्यायालय की महिला वकील के साथ मारपीट की और मां को तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। महिला वकील ने पुलिस को बताया कि सुबह 11:00 बजे पूजा के दौरान बार-बार गेट पीटने का आवाज सुनाई दी। गेट खोलने पर पांच छ की संख्या में अज्ञात अपराधी घर में घूंसे , एक इतिहास में पिस्तौल थी बाकी के हाथ में इंट का बड़ा-बड़ा टुकड़ा था। गाली गलौज करने के बाद सिर पर पिस्टल सटा दिया और मारपीट करने लगे उसे बाद धक्का देकर घर के अंदर लाया। घर में मौजूद मां को दो लड़कों ने तीसरी मंजिल से लहटन कॉलेज परिसर मैदान में फेंक दिया। उसके बाद उसे नग्न करके वीडियो बनाने लगा। एक जोक हथियार में व्हाट्सएप में ईंट से दोनों पैर में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ऐसे-ऐसे दर्दनाक घटनाओं के बाद भी भाजपा द्वारा जीरो टॉलरेंस का समर्थन करते रहना भारी नुकसान होगी। पुलिस और कानून का कोई खौफ नहीं रहा।कितना दुर्भाग्य की बात है की भाजपा के दो-दो उपमुख्यमंत्री हैं, उन्हें जन समस्याओं तथा जनहित में मोदी जी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं तथा जन समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। कभी-कभी क्षेत्र में जाएंगे तो तीन ही काम करेंगे कार्यकर्ताओं से नारा लगवाना, माला पहनना और फोटो खिंचवाना। कार्यकर्ताओं को आज तक मोदी जी द्वारा चलाई रहे जा रही योजनाओं का सूची तक उपलब्ध तक नहीं किया गया। समय रहते नहीं चेता गया तो आने वाले चुनाव में भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड सकता है।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### सुदर्शन केमिकल ने ह्यूबैक ग्रुप के अधिग्रहण के लिए किया निर्णायक समझौता

**पटना।** सुदर्शन केमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एससीआईएल या कंपनी) ने आज घोषणा की है कि उसने एक परिसंपत्ति और शेयर सौदे के संयोजन में अधिग्रहण पर जर्मनी स्थित ह्यूबैक समूह के साथ एक निर्णायक समझौता किया है। इस रणनीतिक अधिग्रहण से एक वैश्विक पिगमेंट कंपनी बनेगी, जो एससीआईएल के परिचालन और विशेषज्ञता को ह्यूबैक की तकनीकी क्षमताओं के साथ जोड़ेगी। एससीआईएल के प्रबंध निदेशक श्री राजेश राठी ने कहा, ष्हम इस लेन-देन से खुश हैं जो दो व्यवसायों को एक साथ लाता है जो प्रमुख वैश्विक बाजारों की सेवा करेंगे। हम इन दोनों कंपनियों को वास्तव में वैश्विक पिगमेंट कंपनी बनाने के लिए सावधानीपूर्वक एकीकृत करेंगे, जिसमें फ्रैंकफर्ट रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान बना रहेगा। एससीआईएल अपनी चपलता और दक्षता के लिए जाना जाता है, और हम इस संस्कृति को संयुक्त कंपनी में शामिल करेंगे ताकि इसे सबसे अधिक ग्राहक-केंद्रित और लाभदायक पिगमेंट कंपनियों में से एक बनाया जा सके। हेउबैक के ब्रैम डीश्होंडू ने कहा, एससीआईएल के साथ हाथ मिलाकर, हमारा लक्ष्य उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के साथ ग्राहकों की सेवा करने की अपनी 200$ साल की विरासत को पुनः प्राप्त करना है। साथ मिलकर, हम ग्राहक केंद्रितता और उत्पाद उत्कृष्टता के सिद्धांतों पर निर्माण करके पिगमेंट उद्योग के भविष्य को आकार देंगे। हमारी संयुक्त क्षमताएँ हमें अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने में सक्षम बनाएंगी। हम इस अगले अध्याय में प्रवेश करते हुए एससीआईएल के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। अधिग्रहण के बाद, संयुक्त कंपनी के पास उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का एक व्यापक पिगमेंट पोर्टफोलियो होगा और यूरोप और अमेरिका सहित प्रमुख बाजारों में इसकी मजबूत उपस्थिति होगी। यह एससीआईएल के उत्पाद पोर्टफोलियो को बढ़ाएगा, जिससे इसे ग्राहकों तक पहुंच मिलेगी और वैश्विक स्तर पर 19 साइटों पर एक विविध परिसंपत्ति पदचिह्न मिलेगा। संयुक्त कंपनी का नेतृत्व श्री राजेश राठी और उच्च प्रदर्शन करने वाली प्रबंधन टीम द्वारा किया जाएगा, जिसमें गुणवत्ता निष्पादन कौशल और तकनीकी योग्यता होगी।

### यामाहा ने बिहार में एफजेड सीरीज़, फसीनो और रेज़ेडआर मॉडलों पर फेस्टिव ऑफर्स की घोषणा की

**पटना।** भारत में त्यौहारों के सीजन की धूम है और इस बीच इंडिया यामाहा मोटर ने बिहार में अपने ग्राहकों के लिये खास ऑफर्स पेश किए हैं। त्यौहारों के उत्साह को देखते हुए, यामाहा की यह खास डील्स उसकी लोकप्रिय 150सीसी एफजेड मॉडल रेंज और 125सीसी एफआई हाइब्रिड स्कूटर्स पर बेहतरीन फायदे लेकर आई हैं। ऐसे में यह ग्राहकों के लिये अपने सपनों का यामाहा टू-व्हीलर घर लाने का सबसे बढ़िया वक्त है। एफजेड-एस एफआई वीर 4.0, एफजेड-एस एफआई वीर 3.0, एफजेड एफआई पर 7,000 रुपये तक का कैशबैक पायें और 7,999 रुपये के न्यून- डाउन पेमेंट पर गाड़ी खरीदें। फसीनो 125 एफआई हाइब्रिड और रेज़ेडआर 125 एफआई हाइब्रिड पर 4,000 रुपये तक का कैशबैक पायें और 2,999 रुपये जितना न्यून-डाउन पेमेंट पर गाड़ी खरीदें।

### हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड ने बैकटपुर में किया एलफोम डिस्पेंसर पंप का शुभारंभ

» 300 से अधिक किसानों के बीच अपना भू अमृत (खाद एवं एलफोम) का वितरण



**खुसरूपुर।** हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड ने खुसरूपुर स्थित बैकटपुर ग्राम में लिक्विड फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर (एलफोम) डिस्पेंसर पंप का शुभारंभ किया। साथ ही अपना भू अमृत (खाद एवं एलफोम) लांच किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. एस पी मोहंती के द्वारा किया गया। साथ ही इस मौके पर पटना जिले के 300 से अधिक किसानों के बीच अपना भू अमृत (खाद एवं एलफोम) का वितरण भी किया गया। हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. एस पी मोहंती ने कहा कि बैकटपुर में पंप के खुलने से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा और इस ग्राम के साथ ही आस- पास के क्षेत्रों के किसानों और वितरकों को सीधा फायदा मिलेगा। रासायनिक उर्वरक के दुष्प्रभाव से भूमि की रक्षा होगी। हर्ल वेस्ट टू वेल्थ मिशन की ओर अग्रसर है। वहीं अपने संबोधन में हर्ल के राज्य प्रमुख गीतम सिंह ने कहा कि अपना भू अमृत से फसल की उपज में वृद्धि होती है, मिट्टी की उर्वरकता शक्ति बढ़ती है। साथ ही उत्पादन क्षमता बढ़ती है और लागत कम लगती है जिससे किसानों की आमदनी ज्यादा होती है। दिल्ली मुख्यालय से आए हुए संजय कुमार सिंह ने अपना भू अमृत की विस्तृत जानकारी किसानों के साथ साझा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सावित्री रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ( गोबर धन प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटिंग एजेंसी ) के संस्थापक एवं सीईओ अतुल कुमार ने बताया कि बैकटपुर में लगे बायोगैस प्लांट से अभी 400 किलोग्राम बायोगैस का उत्पादन हो रहा है। यहां डिस्पेंसर पंप के शुभारंभ से 8 टन एलफोम और 2 टन फोम का उत्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर्ल द्वारा किया गया यह प्रयास जैविक खेती की दिशा में एक बेहतर कदम है। उन्होंने किसानों से यूरिया, डीएपी एवं अन्य कीटनासक दवा के उपयोग में कमी करने एवं एलफोम को बढ़ावा देने की अपील की। अनिल कुमार सिंह, (संचालक पाटलिपुत्र बायोगैस प्लांट) ने हर्ल एवं किसानो का धन्यवाद ज्ञापन किया एवं किसानो को अधिक मात्रा में एलफोम का उपयोग करने एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने की अपील की। इसके साथ-साथ उन्होंने एलफोम का उपयोग कर मिट्टी एवं पर्यावरण के बीच संतुलन को बनाए रखने की सलाह दी। इस मौके पर हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के सभी मार्केटिंग प्रतिनिधि, वितरक, विक्रेता एवं उपविक्रेता, कर्मचारिगण, ग्रामवासी के साथ ही सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

### ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने अपने शब्दकोश में जोड़ी भारत की 13वीं भाषा




**पटना।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत की शास्त्रीय भाषाओं की सूची को बढ़ाकर पिछले हफ्ते 11 कर दिया है, जिसमें मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली के साथ तमिल, संस्कृत, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और ओडिया भी शामिल हैं। संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने कई कदम उठाए थे, जिसकी वजह से 2005 में इसे शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिला। आज ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने ऑक्सफोर्ड संस्कृत-हिंदी-इंग्लिश डिक्शनरी लॉन्च की, जिसका मकसद संस्कृत का संरक्षण और इसे दुनियाभर के लोगों के लिए सुलभ बनाना है। इसके साथ ही, ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी की द्विभाषी शब्दकोशों की सूची में अब 13 भाषाएं (जिनमें 9 शास्त्रीय भाषाएं हैं) कवर की जा रही हैं। ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी अब संस्कृत, बंगाली, असमिया, कन्नड़, मलयालम, ओडिया, तमिल, तेलुगू, मराठी, गुजराती, पंजाबी, उर्दू और हिंदी में उपलब्ध है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस इंडिया के प्रबंध निदेशक, श्री सुमंता दत्ता ने कहा, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस भाषाओं के संरक्षण और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। तीन भाषाओं की यह डिक्शनरी न सिर्फ भाषा सीखने में मदद करेगी, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी बढ़ावा देगी। यह संस्कृत सीखने वाले छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है और एनईपी 2020 और एनसीएफ 2023 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप है। ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी की यह समृद्ध विरासत हमें दुनिया का प्रमुख डिक्शनरी प्रकाशक बनाती है, जो 50 से अधिक भाषाओं में लाखों लोगों के लिए भरोसेमंद स्रोत है। नई ऑक्सफोर्ड संस्कृत-हिंदी-इंग्लिश डिक्शनरी में 25,000 से ज्यादा सावधानीपूर्वक चुने गए शब्द शामिल हैं, जिन्हें खासतौर पर संस्कृत सीखने वालों के लिए उपयोगी और प्रासंगिक बनाया गया है। इसका उद्देश्य है कि अगले 10 सालों में हर संस्कृत विद्यार्थी इस भाषा को आसानी से बोलने और समझने में सक्षम हो सके।

# जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में की गई कृषि टास्क फोर्स की बैठक

नई सोच एक्सप्रेस

» कृषक हित में क्रियान्वित योजनाओं को पूर्ण पारदर्शिता से ससमय लागू करने का निर्देश



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक (शष्य), प्रक्षेत्र, सहायक निदेशक (रसायन), सहायक निदेशक, भुमि संरक्षण, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, सहायक निदेशक, उद्यान, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, वरीय वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, गंधार, कार्यपालक अभियंता उदेरास्थान सिंचाई परियोजना, विद्युत कार्यपालक अभियंता तथा संबंधित सभी संबद्ध विभागों के जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए। मौसम एवं फसल स्थिति, खरीफ एवं रबी फसल आच्छादन की स्थिति, उर्वरक उपलब्धता की स्थिति, डिजिटल कॉप सर्वे, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पशुपालन, उद्यान, विद्युत, सिंचाई, हर खेत को पानी, खेत में जल संचयन आदि योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सामयिक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से आगामी रबी मौसम के फसलों के आच्छादन लक्ष्य सिंचाई व्यवस्था एवं सम्मिलित विभागों के कार्यों की समीक्षा तथा परस्पर समन्वय स्थापित कर कृषि कार्यो में सहुलियत तथा प्रगति का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में रबी अन्तर्गत विभिन्न फसलों में 9282 क्विटल बीज को अनुदानित दर पर बिहार राज्य बीज निगम के ऐप के माध्यम से वितरण किए जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। रबी फसलों की खेती हेतु 53511.90 हे0 क्षेत्र में आच्छादन का लक्ष्य बिहान ऐप पर प्रविष्टि किया गया है। उन्होंने बताया गया कि पूर्व में खरीफ मौसम में विभिन्न कार्यक्रमों के तहत जिले में अनुदानित दर पर धान बीज वितरण के 2192.22 क्विटल लक्ष्य के विरूद्ध कुल 2191.96 क्विटल बीज की प्राप्ति हुई है, जिसे बिहार राज्य बीज निगम ऐप के ओ0टी0पी0 पद्धति आधारित पहले आओ पहले पाओ के आधार पर वितरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्त्तमान में जिले में उर्वरकों की कमी नहीं है तथा विभिन्न खुदरा उर्वरक प्रतिष्ठानों भंडार में 4580.865 मैट्रिक टन यूरिया, 352.225 मैट्रिक उर्वरक उपलब्ध है। कृषक बन्धु से अपील किया गया कि अपने खेतों/ प्लाटों के मिट्टी का अधिक से अधिक नमूनों की जाँच करायें तथा अनुशंसित मात्रा में ही खाद का प्रयोग अपने खेतों में फसल अनुसार करें। अन्त में जिलाधिकारी ने कृषक हित में क्रियान्वित योजनाओं को पूर्ण पारदर्शिता से ससमय लागू करने का निदेश दिया।

## अर्बन क्रूजर हाइराडर का फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन पेश किया




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** नवाचार और ग्राहक-केंद्रित रुख की अपनी विरासत को मजबूत करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अर्बन क्रूजर हाइराडर के 'फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन' की शुरुआत की घोषणा की। इसमें एक्सक्लूसिव टोयोटा जेनुइन एक्सेसरीज (टीजीए) पैकेज शामिल है। अर्बन क्रूजर हाइराडर लाइन-अप में यह नवीनतम उत्पाद 13 विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए टीजीए के साथ आता है, जो गतिशील और प्रीमियम ड्राइविंग अनुभव को और बेहतर बनाता है। 2022 में अपनी शुरुआत के बाद से, अर्बन क्रूजर हाइराडर ने अपनी अत्याधुनिक तकनीक, गतिशील प्रदर्शन और श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता के साथ देश भर के उपभोक्ताओं के दिलों में एक खास जगह बनाई है। इसकी बोल्ड और परिष्कृत स्टाइलिंग, टोयोटा की प्रसिद्ध वैश्विक एसयूवी लाइनेज के साथ मिलकर इसे बी-एसयूवी सेगमेंट में सबसे अधिक मांग वाले मॉडलों में से एक बनातीहै। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट सबरी मनोहर ने इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा, "2022 में लॉन्च होने के बाद से ही अर्बन क्रूजर हाइडर टिकाऊ गतिशीलता प्रदान करने के लिए टीकेएम की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा है और इसने उच्च ग्राहक संतुष्टि के साथ अपार लोकप्रियता हासिल की है।

## विनय कॉरपोरेशन लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** विनय कॉरपोरेशन लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। इस ऑफर में 10 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है, जिसका कुल मूल्य 1500 मिलियन (150 करोड़) है (नया इश्यू)। साथ ही इसमें विक्रय शेयरधारकों द्वारा 22,213,852 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ऑफर फॉर सेल) भी शामिल है। विनय कॉरपोरेशन लिमिटेड दोपहिया वाहनों, तिपहिया वाहनों, यात्री वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों के लिए ऑटोमोटिव कोम्पोनेंट्स की एक विस्तृत रेंज की डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति और निर्यात करता है। कंपनी के प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो में स्टीयरिंग व्हील स्विच, गियर शिफ्टिंग पैडल, लाइट कंट्रोल यूनिट, ब्रेक पेडल स्विच और सेंसर, मल्टीमीडिया प्लग और एयरबैग ऑन/ऑफ स्विच (या तो नजर आने वाले स्विच या छिपे हुए स्विच) (मेकाट्रॉनिक उत्पाद) और वायरिंग हार्नेस, फ्यूज बॉक्स, तार, केबल, टर्मिनल और कनेक्टर (कनेक्टिव उत्पाद) शामिल हैं। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। (लिस्टिंग विवरण) आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड और एक्सिस कैपिटल लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। (बीआरएलएम)।

## भारत स्काउट गाइड ने दुर्गा मंदिर में सेवा शिविर लगाया








नई सोच एक्सप्रेस

**कटिहार।** बिहार राज्य भारत स्काउट गाइड जिला कटिहार की ओर से शहर के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ की नियंत्रित करने व जरूरी सहयोग देने के लिए सेवा शिविर लगाया गया है 1 भारत स्काउट गाइड से जुड़े वॉलंटियर माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना करने आये श्रद्धालुओं को किसी प्रकार के कोई दिक्कत न हो।इस पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है।भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव संजय कुमार के निर्देश पर संगठन की ओर से तीन दिवसीय शिविर लगाया गया है। इस सेवा शिविर को सफल बनाने में कटिहार जिला के समस्त स्काउट दल, गाइड कंपनी, रोवर, रेंजर एवं विद्यालयों के बच्चे शामिल है।इस सेवा शिविर में शिविर निर्देशक काशी प्रसाद चौहान, शिविर संरक्षक संजय कुमार सिंह,शिविर प्रभारी राम बाबू, प्रियंका कुमारी,रोहित कुमार को बनाया गया। इस सेवा शिविर को सफल बनाने में आशीष रंजन,राजेश वर्मा, विजय शर्मा,ललन कुमार,सूरज कुमार,अमित कुमार,अजय महतो, अजय ठाकुर, राहुल,रीना कुमारी, निशा सिंह, आदि स्काउट व गाइड जुटे हुए है।

## मीडिया का उपयोग जनमत बनाने में नहीं बल्कि जनमत को नियंत्रित करने में हो रहा है : डॉ प्रभात

नई सोच एक्सप्रेस




**दरभंगा।** राजनीतिक चिंतक सह विश्लेषक एवं पूर्व निदेशक आकाशवाणी (पूर्णिया) डॉ. प्रभात नारायण झा ने डिजिटल युग की पत्रकारिता को सरोकार के साथ प्रचार का सशक्त माध्यम बताया और कहा कि मीडिया का उपयोग अब जनमत बनाने में नहीं बल्कि जनमत को नियंत्रित करने मे हो रहा है। डॉ. झा ने ख्यातिलब्ध पत्रकार एवं समाजसेवी स्वर्गीय राम गोविंद प्रसाद गुप्ता की 89वीं जयंती के अवसर पर सागर सभागार में आयोजित "डिजिटल युग में पत्रकारिता की भूमिका और चुनौतियां" विषयक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि उदंत मार्तंड शुरू हुई हिंदी पत्रकारिता डिजिटल युग में चहुंमुखी हो गई है। इसका ध्येय-उद्देश्य सब बदल गया है। अब इसका वास्ता सिर्फ सरोकार से नहीं रह गया है बल्कि यह प्रचार का भी सशक्त माध्यम है। राजनीतिक विश्लेषक ने बताया कि पत्रकारिता में बदलाव की शुरुआत 1991 के उदारवादी दौर से हुई। विदेशी पूंजी प्रवाह से पत्रकारिता में विज्ञापन का दखल बढ़ा और मानवीय सरोकार प्रभावित होने लगा। जो डिजिटल युग में इस कदर हावी हो गया है कि पत्रकारिता से मानवीय संवेदना गायब हो गई है। डिजिटल प्लेटफार्म पर खबरों का प्रसारण व्यवसायिक हितों के अनुरूप हो रहा है। पूर्व निदेशक ने कहा कि डिजिटल मीडिया एक माध्यम है। इसका सही या गलत उपयोग करने का विवेक लोगों में उत्पन्न करने की आवश्यकता है। आज डिजिटल मीडिया की गिरफ्त में फंसकर एक ही परिवार के लोग अलग-थलग हो गए है। हर कोई मोबाइल थामे अपने-आपको विशिष्ट समझ रहा है। अत्यधिक डिजिटल माध्यम के उपयोग से लोगों की चेतना प्रभावित हो रही हैं और विचारधाराओं में परिवर्तन हो रहा है। इससे बचाव की जरूरत है। इसके लिए सामाजिक संस्थानों, मीडिया एवं बुद्धिजीवियों को पहल करनी होगी। प्रख्यात पत्रकार एवं टाइम्स आफ स्वराज के संपादक संतोष सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में पत्रकारिता भरोसे के संकट से जूझ रही हैं। खबर देखकर लोगों को यकीन नहीं होता है। लोग उसकी पुष्टि पत्रकारिता के दूसरे माध्यम से करते है। इस विषम स्थिति के बावजूद डिजिटल युग की पत्रकारिता स्थापित हो चुकी हैं। भले ही विश्वसनीयता की कमी हो पर व्यापकता की वजह से इसने प्रिंट एवं दृश्य दोनों मीडिया माध्यम को प्रभावित किया है। श्री सिंह ने फेक न्यूज के लिए राजनीतिक दलों को जिम्मेवार करार दिया और कहा कि विभिन्न राजनीति दलों के प्रतिनिधियों ने आईटीसेल बना रखा है। जो अपने दलहित में फेंक न्यूज का प्रसारण करते हैं। फेक न्यूज के कारण ही डिजिटल मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहा है। इससे अराजकता की स्थिति भी उत्पन्न हुई है। जिसकी वजह से पत्रकारिता पर सवाल उठने लगा है। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र तभी तक स्वस्थ है जबतक पत्रकारिता स्वतंत्र है। स्वतंत्र पत्रकारिता ही सत्ता को चुनौति दें सकती हैं। इसलिए डिजिटल युग की पत्रकारिता को विश्वसनीय बनाने की आवश्यकता है। विशिष्ट वक्ता पूर्व पत्रकार सह जदयू विधायक डा. विनय कुमार चौधरी ने कहा कि डिजिटल मीडिया ने हर व्यक्ति को पत्रकार बना दिया है। खबरों का प्रसार तेज गति हो रहा है पर आमलोगों को आज भी भरोसा प्रिंट मीडिया पर ही हैं। जिसका कारण डिजिटल मीडिया पर भ्रामक खबरों का प्रसारण है। इसके बावजूद डिजिटल मीडिया का दायरा विस्तृत है। इससे मिडिया संस्थानों का अधिपत्य समाप्त हुआ है और खबरों के प्रसारण की गति तेज हो गई। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में भी पत्रकारिता की अहमियत बनी हुई है। जरूरत इसे सजाने-संवारने की है। जिसके लिए सक्षम लोगों को आगे आना होगा। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षाविद डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि डिजिटल मीडिया दोधारी तलवार सदृश्य है। इसका जिस तरीके से इस्तेमाल होगा परिणाम वैसा ही सामने आएगा। संगोष्ठी को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के संकाय अध्यक्ष डॉ प्रेम मोहन मिश्रा, शिक्षाविद डॉक्टर विद्यनाथ झा, मनोवैज्ञानिक डॉक्टर गौरी शंकर राय ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी का संचालन प्रो.सतीश सिंह ने किया। जबकि अतिथियों का स्वागत पत्रकार प्रदीप कुमार गुप्ता ने किया। विषय प्रवेश डॉ. रामचंद्र चंद्रेश और धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद गुप्ता ने किया।

## शिरडी के सांई बाबा मंदिर अठखंभवा में विशाल भंडारा व डांडिया का आयोजन किया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**रोहतास।** रोहतास जिला मुख्यालय के सासाराम स्थित सांई बाबा मंदिर में शरद नवरात्र के प्रथम तिथि से विजयादशमी तक अनवरत चल रही ध्यान अनुष्ठान से श्री साईं के भक्तो में भी भक्ति की प्रतीकाष्ठा की अनुभूति होती दिखी। एक तरफ भक्ति की उपासना श्री दुर्गा सप्तशती की पाठ चल रही है वही दूसरी ओर साईं सतचरित्र की परायण चल रही है,जिसका समापन आहुतियों से होती हैं। आज विजयादशमी जो कि श्री साईं नाथ की परिनिर्वाण दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, इस अवसर पर बाबा का मंगलस्नान, काकड़,आरती,गोपाल कला कीर्तन,दही हांडी के कार्यक्रमों ने तो माने श्री बाबा के इस दरबार में श्रीकृष्ण बालगोपाल के रूप में आकर मक्खन से भरी हांडी को कोमल हाथों से फोड़ा।माखन भक्तों के बीच वितरित किया गया। मध्यान आरती ,नृत्य की मनमोहक शाम के साक्षी बने अवगत अतिथियों के करतल ध्वनि से माहौल का स्वागत किया गया।जिसका नेतृत्व साईं भक्त श्रीमती खुशबू कुमारी ने किया।माहौल को भक्तिमय बनाए प्रो. मनीष कुमार श्रीवास्तव की उदघोषणा ने चार चांद लगा दी।भजन कीर्तन की गायकी प्रस्तुत किए श्री साईं भक्त मनोज सिन्हा ने मंत्रमुग्ध कर दिए। संध्या आरती 5 बजे से होकर अनवरत चल रही परीनिर्वाण दिवस के अवसर पर भंडारा की समाप्ति हुई। पूरी व्यवस्था का संचालन श्री साईं भक्त वीरेंद्र कुमार जायसवाल, प्रो. डॉ. संजय कुमार सिन्हा, विनोद बिहारी जायसवाल, कृष्णा कुमार,दीपक कुमार वर्मा, श्याम किशोर भरथ,नरेंद्र कुमार व अनेक महिला पुरुष भक्तों ने अपनी अपनी सेवा पुण्य बाबा के चरणों में समर्पित किए। इस अवसर पर उपमेयर सत्यवती देवी, पूर्व उपमेयर चंद्रशेखर सिंह, आरपीएफ उपनिरीक्षक डीएस राणावत, आरके राय,मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा जन-कल्याण संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार गुप्ता, राजपुर जिला परिषद् सदस्य रेशमा कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## नाम आंखों से विसर्जित हो रही मां दुर्गा की प्रतिमाएं। महिला ने सिंदूर लगाकर मांगा अमर सुहाग की वरदान

नई सोच एक्सप्रेस



**जंदाहा।** नवरात्र की विजयादशमी के दिन शुक्रवार को मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जित की गयी। दोपहर के बाद से ही प्रखंड के सार्वजनिक पूजन स्थलों से मां की प्रतिमा को विदाई दिया जाने लगा। सुहागिन महिलाओं ने मां का खोइंछा भरा व एक-दूसरे को सिंदूर लगा कर सुहागिन होने की कामना की। नवरात्र की विजयादशमी के दिन शुक्रवार को मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जित की गयी। दोपहर के बाद से ही प्रखंड क्षेत्र के पूजन पंडाल से मां की प्रतिमा को विदाई दिया जाने लगा. सुहागिन महिलाओं ने मां का खोइंछा भरा व एक-दूसरे को सिंदूर लगा कर सुहागिन होने की कामना की. प्रखंड के चांद सराय हाट दुर्गा स्थान, जंदाहा बाजार , पुरानी बाजार की प्रतिमा विसर्जित की गयी। हालांकि, अन्य जगहों पर स्थापित प्रतिमा शनिवार की सुबह विसर्जित की गयी. विसर्जन को लेकर जंदाहा वाया नदी पुलघाट, अरनिया पोखर चांद सराय मुख्य मार्ग से लेकर घाट तक लोगों की भीड़ लगी रही।

**महानवमी पर हुआ बालिका पूजन**–महानवमी पर सार्वजनिक पूजन स्थलों व घरों में मां की पूजा के साथ हवन किया गया। उसके बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण हुआ। घंटों चले हवन में मां की उपासना के साथ उनसे सुख शांति की प्रार्थना की गयी. इसके बाद बालिका पूजन किया गया। जिन लोगों ने नवरात्र का व्रत रखा था, उन्होंने नौ बालिकाओं की पूजा कर उन्हें भोजन कराया। उसके बाद उनसे आशीर्वाद लिया। श्री नव दुर्गा पूजा समिति चांद सराय हाट की पूजा में ढोल ढाक से मां की आरती की गयी. मौके पर गणमान्य लोगों के अलावा सैकड़ों की भीड़ मौजूद थी।

**विजयादशमी को भी दर्शन के लिए उमड़े भक्तों की भरी भीड़**– मां दुर्गा के दर्शन के लिए विजयादशमी को भी जनदहा में भक्तों की भीड़ लगी रही. शाम होते ही चांद सराय हाट जंदाहा बड़ी दुर्गा मंदिर, महुआ रोड मार्केट सहित अन्य पूजन स्थलों पर मां के दर्शन के लिए तांता लगा रहा। लोगों की यह भीड़ शुक्रवार की मध्य रात्रि तक रही। इन जगहों पर लगे मेले का भी लोगों ने खूब आनंद उठाया. विभिन्न तरह के खाने-पीने के स्टॉल पर लोगों का जमावड़ा रहा।

# विश्व क्रिकेट में बने ये रिकार्ड टूटना है असंभव

**मुम्बई।** विश्व क्रिकेट रिकॉर्ड बनते और टूटने रहते हैं पर कुछ ऐसे भी रिकार्ड बने हैं जिनका टूटना संभव नजर नहीं आता। वहीं कुछ ऐसे भी रिकार्ड हैं जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया। इसमें ऑस्ट्रेलिया के सर डोनाल्ड ब्रैडमन के 99.94 के औसत का रिकार्ड हो या वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा के टेस्ट में चार सौ से अधिक रनों का रिकार्ड हो। ब्रेडमैन के 99.94 के औसत रिकॉर्ड आज भी कायम है। उन्होंने 52 टेस्ट में कुल 6996 रन बनाए। दिग्गज क्रिकेटर ब्रैडमैन ने 1928-1948 तक टेस्ट क्रिकेट खेला जिसमें उन्होंने 29 शतक और 13 अर्धशतक लगाए। आज खेल रहे खिलाड़ियों में भारत के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। यशस्वी अपने छोटे करियर में 64.05 की औसत से रन बना रहे हैं। सर डॉन ब्रैडमैन के नाम टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक डबल सेंचुरी जड़ने का रिकॉर्ड है।ब्रैडमैन ने अपने टेस्ट करियर में कुल



12 डबल सेंचुरी जड़ी जो विश्व रिकॉर्ड है। सक्रिय खिलाड़ियों में विराट कोहली टेस्ट में सबसे ज्यादा दोहरा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज हैं जिन्होंने अभी तक 7 दोहरे शतक बनाये हैं। ब्रैडमैन के इस महारिकॉर्ड के करीब केवल श्रीलंका के कुमार संगकारा पहुंचे हैं। संगकारा ने अपने टेस्ट करियर में कुल 11 दोहरे शतक लगाये। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक 18426 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 49 शतक और 96 अर्धशतक निकले हैं। सचिन ने 463 एकदिवसीय में ये रन बनाये हैं। उनका सबसे अच्छा स्कोर नाबाद 200 रन है। अभी एकदिवसीय मैच काफी कम खेले जा रहे हैं और टी20 की संख्या इस समय ज्यादा हो गई है। ऐसे में सचिन के ये रिकार्ड टूटने असंभव हैं। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने के मामले में सक्रिय खिलाड़ियों में विराट कोहली सबसे आगे हैं जिनके नाम 295 एकदिवसीय में 13906 रन हैं। कोहली इस सूची में तीसरे नंबर पर हैं। वहीं रोहित शर्मा के नाम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी खेलने का विश्व रिकार्ड है। रोहित ने एकदिवसीय में 264 रन की बड़ी पारी खेलकर अपने नाम बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। रोहित ने ये रिकॉर्ड श्रीलंका के खिलाफ साल 2014 में बनाया था। रोहित का ये रिकॉर्ड टूटना आसान नहीं है। वहीं दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1347 विकेट लिए हैं जिसे तोड़ना आज किसी गेंदबाज के लिए असंभव है। मुरली ने 495 मैचों में सबसे ज्यादा 1347 विकेट लिए हैं। मुरलीधरन ने इस दौरान 77 बार 5 विकेट लिए हैं जबकि 22 बार 10 विकेट हॉल लिए। आज खेल रहे गेंदबाजों में जेम्स एंडरसन ने सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। एंडरसन 401 अंतरराष्ट्रय मैचों में 991 विकेट लिए हैं। लारा नाम टेस्ट में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड है। टेस्ट की एक पारी में लारा ने नाबाद 400 बनाए हैं। लारा ने यह रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाफ साल 2004 में बनाया था।विंडीज के पूर्व लेफ्ट हैंड बल्लेबाज लारा ने 582 गेंदों पर 43 चौके और 4 छक्के जड़े थे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर मैथ्यू हेडन इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं जिन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 2003 में 380 रन की पारी खेली थी।श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज चामिंडा वास के नाम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे बेहतर गेंदबाजी आंकड़ों का विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। वास ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 2001 में 8 ओवर में 19 रन देकर 8 विकेट लिए थे। जो एकदिवसीय में किसी बॉलर का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत है। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जैक हॉब्स के नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 199 शतक दर्ज है। हॉब्स ने 834 फर्स्ट क्लास मैचों में ये रिकॉर्ड बनाए। उन्होंने इस दौरान 61760 रन बनाए हैं। फर्स्ट क्लास में हॉब्स के नाम 273 अर्धशतक दर्ज है।

# रोहित शर्मा से ऐसी मांग रखी कि जवाब मिला- पागल हो गया क्या

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा विस्फोटक बल्लेबाजी करने के लिए जाने जाते हैं। रोहित ऐसे इकलौते बल्लेबाज हैं, जिन्होंने वनडे क्रिकेट में तीन दोहरे शतक लगाकर धूम मचा दी है। उनके पुल शॉट पर सभी कुर्बान रहते है। जब वह अपनी लय में आते हैं तो बड से बड़ा गेंदबाज भी पानी मांगने लगता है। बतला दें कि रोहित की कप्तानी में ही भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीता था। इससे हटकर रोहित शर्मा अपने मजाकिया अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं। रोहित जब प्रेस कॉन्फ्रेंस में होते हैं तो पत्रकारों के सभी प्रश्नों का खुलकर जवाब भी देते हैं। यहां खासबात यह है कि बीसीसीआई ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए जो स्क्वाड का ऐलान किया है, उसमें उन्हें कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा ने सोशल मीडिया




प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो बैटिंग प्रैक्टिस करते नजर आए हैं। बॉल को हिट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि जब वो बैटिंग करने के लिए मैदान पर आते हैं, तो उनसे कहा जाता है, कि भैया पहली गेंद पर सिक्स मारोगे। इसका जवाब देते रोहित कहते हैं, पागल हो गया है क्या? इसके साथ ही रोहित विस्फोटक बल्लेबाजी करते दिखाई देते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि पिछले कुछ समय से रोहित ने अपने खेलने के ढंग में तब्दीली लाई है। वह क्रिकेट मैदान पर आते ही तेजी के साथ रन बटोरने लग जाते हैं, जिससे उनके बाद आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव कम हो जाता है। गौरतलब है कि बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलते हुए रोहित ने अपनी पारी शुरुआत में ही आते ही दो छक्के जड़े थे और ऐसा उन्होंने अपने टेस्ट करियर में पहली दफा किया था। खास बात यह है कि रोहित पिछले एक दशक से टीम इंडिया के बैटिंग ऑर्डर की अहम कड़ी बने हुए हैं और उन्होंने अपने दम पर भारतीय क्रिकेट टीम को अनेक मैचों में जीत भी दिलाई है। यही नहीं रोहित ने अनेक दफा भारतीय टीम को कई मुश्किल परिस्थितियों से भी निकाला है। रोहित ने भारत के लिए 61 टेस्ट मैचों में 4179 रन बनाए हैं, जबकि 265 वनडे मैचों में 10866 रन जोड़े हैं और 159 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 4231 रन बनाए हैं। रोहित ने तीनों फॉर्मेट में कुल 48 शतक दर्ज किए हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में पहले या दूसरे टेस्ट में रोहित का खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले माह शुरु हो रही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले या दूसरे टेस्ट मैच में से किसी एक में शायद ही खेल पायें। एक रिपोर्ट के अनुसार रोहित व्यक्तिगत कारणों से किसी एक मैच से बाहर रह सकते हैं और इस बारे में उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड को भी जानकारी दे दी है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में उतरेगी और ऐसी संभावना है कि रोहित एडिलेड में (6-10 दिसंबर) वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई के अनुसार अभी इस बारे में साफ तोर पर पता नहीं चला है कि वह किस मैच में नहीं खेलेंगे। रोहित ने बीसीसीआई से कहा है कि एक गंभीर व्यक्तिगत मामले के कारण उन्हें शुरुआत में दो टेस्ट मैचों में से एक को छोड़ना पड़ सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि अगर सीरीज शुरू होने से पहले व्यक्तिगत मुद्दा सुलझ जाता है तो वह सभी पांच टेस्ट खेल सकते हैं। आने वाले दिनों में इस बारे में पूरी जानकारी दे देंगे। यदि रोहित ऑस्ट्रेलिया में कोई एक टेस्ट मैच नहीं खेल पाते हैं, तो बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को शामिल किया जा सकता है। शुभमन गिल और केएल राहुल के पास भी हालांकि पारी शुरु करने का अनुभव है। ईश्वरन भी भारत ए टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में होंगे जिसका



उन्हें नेतृत्व करना है। इस ऑस्ट्रेलिय दौरे में टेस्ट टीम का उप-कप्तान कौन होगा ये अभी तय नहीं हुआ है। सहायक कोच अभिषेक नायर ने हाल में कहा था कि ऐसे बहुत से खिलाड़ी हैं जिन्होंने आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी का नेतृत्व किया है। मुझे लगता है कि हमें यह समझने की ज़रूरत है कि इस टीम में हमारे पास बहुत सारे आईपीएल कप्तान हैं। वैसे भी इस भूमिका के लिए 3 उम्मीदवार हैं - शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और कीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत। नायर ने कहा था कि मैं अब उन्हें युवाओं के रूप में नहीं देखूंगा। हां, उम्र और उन्होंने जितनी क्रिकेट खेली है, उसके हिसाब से वे युवा हैं। लेकिन, मुझे लगता है कि कुल मिलाकर, मानसिक रूप से या विकास के मामले में उनमें वह क्षमता है जोकि नेतृत्व के लिए चाहिए होती है।

## बासित ने बाबर पर निशाना साधा

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम पर निशाना साधा है। बासित ने कहा कि बाबर को आराम करना चाहिए। खराब दौर से गुजरने और अपने प्रदर्शन के लिए आलोचनाओं का सामना करने के बाद बाबर इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भी बल्लेबाजी में असफल रहे ओर दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। उनके इस प्रदर्शन को देखने के बाद बासित ने कहा कि इस बल्लेबाज के लिए अब आराम करने का समय आ गया है। उन्होंने खिलाड़ियों के बीच भेदभाव का संकेत देते हुए दावा किया कि अगर बाबर की जगह कोई और खिलाड़ी होता, तो उसे कब का टीम से बाहर कर दिया गया होता। बासित ने कहा, बाबर को आराम की जरूरत है। बाबर को कहना चाहिए




कि मुझे आराम की जरूरत है। उसने 18 पारियां खेली हैं पर रन नहीं बनाये हैं। अगर कोई और खिलाड़ी खेल रहा होता, तो वह फवाद आलम की तरह तीन मैचों के बाद ही टीम से बाहर हो जाता। बासित ने कहा कि बाबर की तकनीक में कमी है और उन्हे अपना स्टांस कम करना चाहिए। अब यह बहुत हो गया है। बासित ने टेस्ट कप्तान शान मसूद पर भी निशाना साधा और कहा कि उसे कप्तानी कैसे करनी है ये पता नहीं है। उन्होंने कहा, मैं कहता रहा हूं कि शान एक ओपनर है, उसे ओपनिंग करनी चाहिए। नहीं आती।

## सूर्या अब टेस्ट और एकदिवसीय प्रारुप में भी अपनी जगह बनाने प्रयास करेंगे

मुम्बई। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव अब टेस्ट और एकदिवसीय में भी सफल होना चाहते हैं। सूर्या जहां टी20 में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे हैं। वहीं वह एकदिवसीय और टेस्ट टीम में जगह नहीं बना पाये हैं। इसी को देखते हुए अब सूर्यकुमार रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए तैयार है जिससे एकदिवसीय और टेस्ट प्रारुप के लिए टीम में जगह बना सकें। सूर्यकुमार का यह फैसला हैरानी भरा भी है। इसका कारण है कि श्रीलंका दौरे से पहले मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा था कि हमारे पास सूर्यकुमार टी20 विशेषक्ष हैं और हम उन्हें किसी अन्य प्रारुप में लेकर जाने की नहीं सोच रहे। इसके बाद भी सूर्यकुमार ने टेस्ट प्रारुप में वापसी की इच्छा जताई है। इसी कारण आगामी रणजी ट्रॉफी 2024-25 में वह घरेलू टीम मुंबई के लिए भी खेले। वहीं अब वह भारत की सबसे अहम घरेलू टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी की इस साल 11 अक्टूबर से शुरुआत हो रही है। डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई की टीम एलीट ग्रुप ए का हिस्सा है और उसका पहला मैच बड़ौदा से है। इसके बाद दूसरा मैच 18 अक्टूबर से महाराष्ट्र के खिलाफ है। इसी मैच के लिए सूर्यकुमार ने अपने का उपलब्ध बताया है। सूर्यकुमार




महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को जानकारी दी है कि वह महाराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेलने वाली टीम का हिस्सा रहेंगे। सूर्यकुमार ने अब तक केवल एक टेस्ट खेलकर आठ रन बनाये हैं। वहीं 37 एकदिवसीय में उनके नाम 773 रन हैं जबकि 73 टी20 में उनके नाम 2469 रन हैं। प्रथम श्रेणी के 83 मैच में उनके नाम 5649 रन हैं। वहीं लिस्ट ए के 139 मैच में 3627 रन हैं। सूर्यकुमार का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। इसमें उनके नाम 14 शतक और 29 अर्धशतक हैं।

## व्यापार

# कंपनियों के तिमाही परिणामों का शेयर बाजार पर रहेगा असर

### बीते सप्ताह शेयर बाजार में दो दिन तेजी जबकि दिन दिन गिरावट रही

**मुंबई।** बीते सप्ताह मध्य-पश्चिम संघर्ष को लेकर वैश्विक बाजार के कमजोर रुख के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली से गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार पर इस सप्ताह रिलायंस, इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया और एक्सिस बैंक समेत कई दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के जारी होने वाले परिणाम का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 307.09 अंक की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 81381.36 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 50.35 अंक उतरकर 24964.25 अंक पर रहा। वहीं समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई। इससे मिडकैप 530.12 अंक की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 48436.86 अंक और स्मॉलकैप 654.78 अंक उछलकर 56600.09 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार बीते सप्ताह विश्व बाजार का रुझान कमजोर रहा। भारतीय बाजार वर्तमान में प्रीमियम मूल्यांकन और दूसरी तिमाही के सुस्त नतीजों के कारण सुदृढीकरण के




चरण में है। इसके विपरीत विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) चीन के प्रोत्साहन उपायों और कम मूल्यांकन से चीनी बाजारों में आर्बिट्रेज अवसरों का लाभ उठा रहे हैं। साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा तथा उसके निर्णयों से निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की संभावना का संकेत नहीं मिलता है। इस बीच हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीद से अधिक बेहतर प्रदर्शन से घरेलू बाजार में आशा की लहर दौड़ गई। इससे सेंसेक्स ने कुछ लचीलापन दिखाया और वापस उछलने का प्रयास किया तथा निफ्टी 50 सूचकांक को 24,800 अंक के स्तर पर समर्थन मिला। हालांकि यह समर्थन अस्थायी बना हुआ है, जिससे इसके मध्यवर्ती स्तर पर होने का जोखिम बना हुआ है। बीते सप्ताह बाजार अपनी तेजी को बरकरार नहीं रख सका और निफ्टी50 25,000 अंक से नीचे बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रास्फीति में अप्रत्याशित वृद्धि और जारी भू-राजनीतिक चुनौतियों के कारण अमेरिका में 10 वर्षीय ट्रेजरी यील्ड में हाल में हुई वृद्धि ने एफआईआई को अधिक सस्ते बाजारों की ओर रुख करने के लिए प्रेरित किया है। इस प्रवृत्ति से अल्प अवधि में इक्विटी परिसंपत्ति का प्रदर्शन प्रभावित होने की उम्मीद है। इस सप्ताह निवेशकों की वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के परिणामों पर पैनी नजर रहेगी। दूसरी तिमाही के परिणाम के तिमाही-दर-तिमाही आधार पर कमजोर प्रदर्शन रहने का अनुमान है। गिरावट का जोखिम बढ़ रहा है, जिससे अल्प से मध्यम अवधि में भारत का प्रीमियम मूल्यांकन कम हो सकता है। इस सप्ताह रिलायंस, इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक, महाराष्ट्र बैंक, सीआईएल, बजाज ऑटो और क्रिसिल समेत कई दिग्गज कंपनियों की दूसरी तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं। बीते सप्ताह शेयर बाजार में दो दिन तेजी जबकि दिन दिन गिरावट रही। इजराइल-ईरान तनाव और चीन के प्रोत्साहन पैकेज के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई।

# डेटा लीक के बाद साइबरहैकर्स ने स्टार हेल्थ से 68,000 डॉलर की फिरौती मांगी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी स्टार हेल्थ ने कहा कि उसे ग्राहक डेटा और मेडिकल रिकॉर्ड के लीक होने के मामले में एक साइबर हैकर से 68,000 डॉलर की फिरौती की मांग मिली है। स्टार हेल्थ का मार्केट कैप लगभग 4 बिलियन डॉलर है। कंपनी वर्तमान में प्रतिष्ठा और व्यावसायिक संकट से जूझ रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार एक हैकर ने ग्राहकों के संवेदनशील डेटा को लीक करने के लिए टेलीग्राम चैटबॉट्स और एक वेबसाइट का इस्तेमाल किया था, जिसमें टैक्स विवरण और मेडिकल क्लेम पेपर शामिल थे। कंपनी जिसके शेयरों में 11 प्रतिशत की गिरावट आई है, ने आंतरिक जांच शुरू की है और टेलीग्राम और हैकर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है, जिसकी वेबसाइट स्टार ग्राहकों के डेटा के नमूने साझा करना जारी रखती है। स्टार, जिसने पहले कहा



था कि वह एक लक्षित दुर्भावनापूर्ण साइबर हमले का शिकार है, ने हाल ही में पहली बार खुलासा किया कि अगस्त में धमकी देने वाले ने कंपनी के प्रबंध निदेशक और उसके प्रमुख को संबोधित एक ईमेल में 68,000 डॉलर की फिरौती की मांग की थी। कंपनी की तरफ से यह बयान तब आया जब भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों ने रॉयटर्स की एक रिपोर्ट पर स्टार से स्पष्टीकरण मांगा कि कंपनी आरोपों की जांच कर रही है कि उसका मुख्य सुरक्षा अधिकारी डेटा लीक में शामिल था। स्टार ने कहा कि टेलीग्राम ने खाता विवरण साझा करने या हैकर से जुड़े खातों पर स्थायी रूप से प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया है। कंपनी ने कहा कि उसने हैकर की पहचान करने में मदद करने के लिए भारतीय साइबर सुरक्षा अधिकारियों से सहायता मांगी है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 दिल्ली पहुंचे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, UP उपचुनाव पर बैठक में लेंगे हिस्सा
2 बाबा सिद्दीकी मर्डर केसःकोर्ट में पेश किए गए दोनों आरोपी,UP के धर्मराज कश्यप ने खुद को बताया नाबालिग
3 भारतीय नौसेना का जहाज शार्दूल दुबई पहुंचा, UAE के साथ समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना लक्ष्य
4 गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के बाहर हंगामा, पुलिस ने किया लाठीचार्ज
5 नो विजिटर्स प्लीज... सलमान के परिवार ने की अपील,फिलहाल घर न आएं
6 दो लोगों को गिरफ्तार किया,कोई भी दोषी हो छोड़ेंगे नहीं:सीएम एकनाथ शिंदे
7 दोषी कौन है ये मायने नहीं रखता,सख्त कार्रवाई होगी:डिप्टी सीएम फडणवीस
8 बांद्रा वेस्ट' स्थित आवास पहुंचा बाबा सिद्दीकी का शव,अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू
9 बिश्नोई गैंग ने ली बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी,फेसबुक पर लिखी पोस्ट
10 गाजियाबादःयति नरसिंहानंद के समर्थकों और पुलिस में नोकझोंक,कई हिरासत में लिए गए
11 बाबा सिद्दीकी मर्डर केसःमुंबई पुलिस ने बताया कॉन्ट्रैक्ट किलिंग, मास्टरमाइंड की तलाश
12 बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में तीसरे आरोपी की हुई पहचान,यूपी का रहने वाला है शूटर नंबर-3
13 बाबा सिद्दीकी मर्डर केसःतीसरे आरोपी की तलाश में महाराष्ट्र के बाहर पांच ठिकानों पर रवाना हुई मुंबई पुलिस
14 अभिनेता सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट्स' के बाहर बढ़ाई गई सुरक्षा
15 बाबा सिद्दीकी मर्डर केसःआरोपियों पर BNS की धारा 103(1),109,125 और 3(5) तहत मामला दर्ज
16 एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक कर रहे हैं बाबा सिद्दीकी के हमलावरों से पूछताछ
17 बाबा सिद्दीकी के घर पहुंची मुंबई पुलिस,परिजनों से करेगी बात
18 यूपी उपचुनाव को लेकर आज दिल्ली में बड़ी बैठक,शाह-नड्डा समेत CM योगी भी हुए शामिल
19 महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से विफलःराहुल गांधी
20 शाम 7 बजे होगी बाबा सिद्दीकी के नमाज़-ए-जनाज़ा की रस्म,रात 8:30 बजे बड़े कब्रिस्तान में होंगे सुपुर्द-ए-खाक
21 आरोपी पिछले 25-30 दिनों से कर रहे थे इलाके की रेकी,बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में क्राइम ब्रांच का दावा
22 गिरफ्तार दोनों आरोपियों के नाम आए सामने;करनैल सिंह हरियाणा'और धर्मराज कश्यप यूपी'के तौर पर हुई पहचान
23 दागी और भ्रष्ट अधिकारी किए जाएंगे रिटायर! PM मोदी ने दिए कार्रवाई के निर्देश
24 ढाका पूजा मंडप पर हमले को लेकर भारत की बांग्लादेश को दो टूक! कहाःहिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करो'
25 देशभर में दशहरे का सेलिब्रेशन,दिल्ली के लाल किला में हुआ रावण दहन, राष्ट्रपति मुर्मू-PM मोदी ने राम-लक्ष्मण को तिलक लगाया
26 WHO की सलाहः जरूरी टीके लगवाएं, अनावश्यक एंटीबायोटिक से करें परहेज;टाली जा सकती हैं असमय मौतें
27 बच्चों को सही शिक्षा नहीं दे रहे मदरसे,फंड देना बंद करे सरकार;NCPCR की सिफारिश
28 दशहरा रैली में आदित्य बोलेःमहाराष्ट्र में खोखा सरकार,उद्धव गुट ही असली शिवसेना;शिंदे बोलेःMVA सरकार नहीं हटती तो महाराष्ट्र पीछे रहता
29 उद्धव ठाकरे ने दशहरा रैली में कहाःमैं भाजपा के हिंदुत्व के संस्करण में विश्वास नहीं करता,इसलिए मैंने भाजपा से नाता तोड़ लिया;उद्धव ठाकरे ने आगे कहा कि,मैं दिल्ली के इस शासन और भ्रष्ट सरकार के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार हूं
30 मेरे पास मेरे पिता बालासाहेब ठाकरे की विरासत है,हम असली शिवसेना हैं और बालासाहेब ठाकरे का नाम मेरे साथ है,इस मौके पर शिवसेना यूबीटी प्रमुख ने आरएसएस को नसीहत देते हुए कहा कि,आरएसएस को आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या वह आज की हाइब्रिड' भाजपा से सहमत है
31 हमें हिंदू होने पर गर्व, कुछ लोगों को आती है शर्म,दशहरा रैली में बोले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे
32 दशहरा रैली को संबोधित करते हुए सीएम एकनाथ शिंदे ने कहाःहमने शिवसेना को उन लोगों से मुक्त कराया जिन्होंने बालासाहेब ठाकरे के आदर्शों के साथ विश्वासघात किया,सीएम शिंदे ने आगे कहाःपहले सभी को लगता था कि शिंदे सरकार 2-3 महीने में गिर जाएगी,लेकिन सरकार ने 2 साल पूरे कर लिए;अगर सरकार नहीं हटाई गई होती,तो महाराष्ट्र बहुत पीछे रह गया होता
33 NCP अजित गुट नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या,लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर शक; पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव
34 हरियाणा चुनाव-कांग्रेस ने 20 सीटों की लिस्ट EC को भेजी,आरोपः99% चार्ज वाली EVM पर भाजपा जीती,खड़गे बोलेःपूरा देश कह रहा था कांग्रेस जीतेगी
35 गुजरात के मेहसाणा में मिट्टी धंसने से हादसा,9 मजदूरों की मौत,2-2 लाख मुआवजे का ऐलान
36 भारत ने की छक्कों की बारिश,सात साल पुराना रिकॉर्ड टूटा;संजू-सूर्यकुमार के बीच 173 रन की साझेदारी
37 भारत बांग्लादेश-टी20 में सबसे तेज 2500 रन पूरे करने वाले दूसरे भारतीय बने सूर्यकुमार,खेली शानदार अर्धशतकीय पारी,रनों के लिहाज से भारत की टी20 में तीसरी बड़ी जीत
38 Jammu And Kashmir:कश्मीरी पंडितों को घर वापस लौटना चाहिए,सरकार गठन से पहले फारूक अब्दुल्ला ने कह दी बड़ी बात
39 Gujarat Accident: गुजरात में दीवार गिरने से अबतक 8 की मौत,पीएम मोदी ने जताया दुख, मुआवजे की घोषणा
40 इजरायल के खिलाफ हुआ भारत! लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हमले का विरोध,34 देशों के बयान का दिया साथ




# फिल्म 'भूल भुलैया 3' का ट्रेलर लॉन्च

बीते दिनों फिल्म 'भूल भुलैया 3' का ट्रेलर लॉन्च किया गया। यह बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन की मोस्ट अवेटेड फिल्म है। ट्रेलर में विद्या बालन, तृप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित और राजपाल यादव के किरदारों की झलक दिखती है, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट को और भी बढ़ा दिया है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट जयपुर के राज मंदिर सिनेमा में आयोजित किया गया था, जहां फिल्म की स्टारकास्ट के साथ-साथ डायरेक्टर अनीस बज्मी और प्रोड्यूसर भूषण कुमार भी मौजूद थे। इस बार हॉरर-कॉमेडी फिल्म में कार्तिक आर्यन फिर से रूह बाबा के किरदार में नजर आ रहे हैं, लेकिन ट्विस्ट यह है कि इस बार उन्हें एक नहीं, बल्कि दो मंजुलिका से सामना करना पड़ेगा। ट्रेलर में विद्या बालन और माधुरी दीक्षित दोनों मंजुलिका के रोल में दिखाई दे रही हैं। विद्या का डरावना अवतार ट्रेलर में साफ झलकता है, जबकि माधुरी का किरदार भी रहस्यमयी और शक्तिशाली लगता है। फिल्म में कार्तिक के कुछ मजेदार डायलॉग्स और भयानक सीन भी शामिल किए गए हैं, जो दर्शकों को खूब हंसी और डराने वाले हैं। इस हॉरर-कॉमेडी में राजपाल यादव भी अपने चिरपरिचित कॉमेडी अंदाज में नजर आते हैं। 'भूल भुलैया 2', जो 2022 में रिलीज हुई थी, ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था और करीब 266 करोड़ रुपये की कमाई की थी। उस फिल्म में मंजुलिका के किरदार में तब्बू नजर आई थीं, जिनकी परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ हुई थी। इस बार फिल्म में मंजुलिका के नए अवतार में विद्या बालन और माधुरी दीक्षित की भूमिका और भी उत्सुकता पैदा कर रही है। 'भूल भुलैया 3' दिवाली के मौके पर रिलीज होने जा रही है और इसका मुकाबला अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर 'सिंघम अगेन' से होगा।

# एक्ट्रेस ज़रीन ने की सीटीआरएल की प्रशंसा



बालीवुड एक्ट्रेस ज़रीन खान ने फ़िल्म के बारे में अपने विचार अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किए। एक्ट्रेस ने कहा सीटीआरएल इज ट्रूली ग्राउंडब्रेकिंग! कॉंग्रेट्स टू मोटवायने फ़ॉर येट अगेन मेकिंग ए फ़िल्म दैट इज क्लोज टू होम. इट शेक्स यू फ्रॉम विदइन, मेक्स यू थिंक. अनन्या पांडे, यू आर टू गुड. वन ऑफ योर बेस्ट्स फ़ॉर श्योर. इससे पहले, अनुराग कश्यप, सामंथा रूथ प्रभु और जैसे कई सेलिब्रिटीज ने फिल्म पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लिया। यह पहली बार नहीं है, जब




ज़रीन ने अपने इंडस्ट्री के लोगों के काम की सराहना की है। अपने सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली एक्ट्रेस ने अपने फैंस और फॉलोवर्स के साथ अपने एक्सप्रेशन और राय साझा करने में कभी संकोच नहीं किया। खान फिलहाल अपने फिटनेस वीडियो के लिए सुर्खियों में हैं, जिसने उनकी सिल्वर स्क्रीन वापसी को लेकर उत्साह बढ़ा दिया है। हाल ही में, आस्क मी एनीथिंग सेशन के दौरान, एक्ट्रेस ने वादा किया था कि उनके दर्शक उन्हें जल्द ही स्क्रीन पर देख पाएंगे। अभिनेत्री ने कथित तौर पर कुछ दिलचस्प प्रोजेक्ट साइन किए हैं, जिनकी घोषणा वह जल्द ही करेंगी। बता दें कि ज़रीन खान उन मशहूर हस्तियों की लिस्ट में शामिल हो गई हैं, जो विक्रमादित्य मोटवानी के लेटेस्ट प्रोजेक्ट सीटीआरएल की प्रशंसा कर रहे हैं।

# पुष्पा 2 का फर्स्ट हाफ लॉक, फिल्म को रिलीज होने में बचे हैं सिर्फ इतने दिन

पुष्पा 2 द रूल 6 दिसंबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. सुकुमार फिलहाल ब्लॉकबस्टर पैन-इंडिया एक्शन ड्रामा पुष्पा: द राइज के सीक्वल में व्यस्त हैं. मेकर्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म के बारे में अपडेट साझा किया है. मेकर्स ने बताया कि फिल्म का फर्स्ट हाफ लॉक हो गया है. अब सेकंड हाफ पर काम चल रहा




है. साथ ही पोस्ट-प्रोडक्शन का काम भी चल रहा है. साल 2024 भारतीय सिनेमा के लिए ऐसा साल साबित हुआ है. पिछले साल के मुकाबले इस साल कई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म की हैं. मेकर्स ने पुष्पा 2 का टाइटल और सुसेकी ट्रैक की झलक पहले ही दिखा चुके है. हाल ही में सुसेकी ने यूट्यूब पर 250 मिलियन व्यूज हासिल किए हैं. पुष्पा 2: द रूल का निर्देशन सुकुमार ने किया है. फिल्म में अल्लू अर्जुन पुष्पा राज की भूमिका दोहराते नजर आएंगे. इसके अलावा, रश्मिका मंदाना भी एक बार फिर श्रीवल्ली के रूप में नजर आएंगी. यह फिल्म 6 दिसंबर, 2024 को कई भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म 6 दिसंबर को रिलीज होगी. बता दें, इसी विक्की कौशल की छावा भी रिलीज हो रही है. 6 दिसंबर रश्मिका के काफी बड़ा होगा, क्योंकि वह इन दोनों फिल्मों में मुख्य भूमिका निभा रही हैं. छावा मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है.



# 34 साल की हुई रकुलप्रीत सिंह, मना रही बर्थडे

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा रकुल प्रीत सिंह 34 साल की हो गई है। वह अपना बर्थडे मना रही हैं। खास बात यह है कि शादी के बाद यह रकुल का पहला बर्थडे है, जिसे और भी खास बनाने के लिए उनके पति, जैकी भगनानी ने दिल खोलकर प्यार लुटाया है। जैकी ने इंस्टाग्राम पर रकुल के साथ बिताए कुछ यादगार पलों का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में रकुल और जैकी की फोटोशूट्स, इवेंट्स, वेकेशन, शादी समारोह और शादी के बाद की खूबसूरत झलकियां शामिल हैं। जैकी ने इस पोस्ट के साथ भावुक कैप्शन लिखा, जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी रकुल के प्रति अपने प्यार और सम्मान को व्यक्त किया। जैकी ने लिखा, जैसा कि मैं अपने विचारों को लिखता हूं, मैं उन सभी अनमोल पलों को फिर से जीता हूं, जो हमने सालों से साझा किए हैं। उस पल से जब हम मिले थे, उस पल तक जब हमने शादी की थी। यह जानकर कि मुझे हर दिन आपके साथ जीवन बिताने का मौका मिलता है, मुझे दुनिया का सबसे खुश इंसान बनाता है। उन्होंने आगे लिखा, आप एक बेहतरीन इंसान हैं और मुझे हमेशा गर्व महसूस करवाती हैं। मेरी बीवी नंबर 1 को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपने हमारे जीवन को इतना खूबसूरत बना दिया है, मैं बहुत आभारी हूं। जैकी की इस रोमांटिक पोस्ट पर रकुल ने भी प्यार भरा जवाब देते हुए लिखा, लव यू बेबी माई लाइफ। इस प्यारे संवाद को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं और रकुल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। काम की बात करें तो रकुल फिलहाल अपनी आने वाली फिल्म दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें वह अजय देवगन और आर माधवन के साथ नजर आएंगी। बर्थडे पर रकुल को उनके फैंस और करीबियों से सोशल मीडिया पर ढेर सारी शुभकामनाएं मिल रही हैं।

# मेहंदी लगा के रखना पर थिरकती नजर आईं निकिता दत्ता

बालीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान के प्रति एक्ट्रेस निकिता दत्ता का प्यार किसी से छुपा नहीं है। अक्सर अपने सोशल मीडिया पोस्ट्स के जरिए निकिता इसे जाहिर करती रहती हैं। बीते दिनों अभिनेत्री ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें वह दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे के प्रसिद्ध गाने मेहंदी लगा के रखना पर थिरकती नजर आईं। यह वाकया अजरबैजान के बाकू में हुआ, जहां निकिता छुट्टियां मना रही थीं। एक बाकलावा की दुकान में जाने पर दुकानदार ने शाहरुख के इस हिट गाने की धुन बजाई, और निकिता खुद को रोक नहीं पाईं और वहीं डांस करने लगीं। निकिता ने अपने इस खास पल का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया और इसे दिलचस्प कैप्शन दिया, एक सार्वभौमिक प्रेम भाषा है। इसे आईएमएसआरके कहा जाता है। यह बाकू में एक बाकलावा की दुकान है! इस आदमी के पास शाहरुख के गानों से भरी पूरी प्लेलिस्ट थी। निकिता ने शाहरुख को सार्वभौमिक प्रेम भाषा कहकर उनकी लोकप्रियता और अपनी भावनाओं का बेहतरीन इजहार किया है।इससे पहले भी निकिता कई बार शाहरुख खान के प्रति अपनी दीवानगी का इजहार कर चुकी हैं। इस साल की शुरुआत में उन्होंने शाहरुख के साथ डेट पर जाने की इच्छा जताई थी। एक इंटरव्यू में निकिता ने कहा था, निस्संदेह, शाहरुख खान। मैं हमेशा उनसे प्रभावित रहती हूं और उनके साथ काम करने के लिए मरी जा रही हूं। काम की बात करे तो निकिता दत्ता सिद्धार्थ आनंद की नेटफ्लिक्स प्रोडक्शन फिल्म ज्वेल थीफ में दिखाई देंगी।



# पूर्व मिस वर्ल्ड युक्ता मुखी है कैमरों की नजरों से कोसों दूर



पूर्व मिस वर्ल्ड एवं बालीवुड एक्ट्रेस युक्ता मुखी आज कैमरों की नजरों से कोसों दूर हैं। बेंगलुरु में 7 अक्टूबर 1977 को जन्मी युक्ता ने 1999 में मिस इंडिया का खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरीं, इसके बाद उन्होंने मिस वर्ल्ड का खिताब भी अपने नाम किया, जो उनके करियर के लिए एक ऐतिहासिक पल था। फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसे कलाकार हैं जो अपनी काबिलियत के दम पर आए, लेकिन लंबे समय तक टिक नहीं सके। युक्ता की लंबाई 6.1 इंच है, लेकिन वह इंडस्ट्री में वह मुकाम हासिल नहीं कर पाईं, जो वह चाहती थीं। युक्ता ने 2002 में फिल्म प्यासा से बड़े पर्दे पर डेब्यू किया, लेकिन उनकी पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा धमाल नहीं मचा पाई। इसके बाद, उन्होंने 2003 में कब क्यों कहां और हम तीनों जैसी फिल्मों पर साइन किया, लेकिन ये प्रोजेक्ट भी अधूरे रह गए। युक्ता को पिछली बार फिल्म गुड न्यूज (2019) में देखा गया था। अफसोस की बात यह है कि शादी के बाद कई अभिनेत्रियों का करियर खत्म हो जाता है, और युक्ता मुखी ने भी काम न करने का फैसला लिया। 2008 में, उन्होंने न्यूयॉर्क के बिजनेसमैन प्रिंस तुली से शादी की, लेकिन यह रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चला। युक्ता ने अपने पति पर दहेज प्रताड़ना और अननेचुरल सेक्स का आरोप लगाते हुए कहा था कि उन्हें जानवरों की तरह पीटा गया। इसके बाद, युक्ता ने लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी, और अंततः 2014 में उन्हें अपने पति से तलाक मिला। शादी से पहले, युक्ता वी.जी. वाजे कॉलेज से जूलॉजी की पढ़ाई कर रही थीं। इसके साथ ही, उन्होंने कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा और शास्त्रीय संगीत भी सीखा है। हालांकि युक्ता मुखी का करियर फिल्म इंडस्ट्री में लंबा नहीं चला, लेकिन उनका नाम हमेशा मिस वर्ल्ड के खिताब के साथ जुड़ा रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।